तापमान
अधिकतम 28.4 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 15 दिसंबर 2024

14 नेशनल लोक अदालत में 440015 मामले निराकृत


15 सेलूद में 2 से 5 जनवरी तक 24 कुंडीय महायज्ञ







## खबर संक्षेप

### सरकार की योजनाओं को रंगोली में दिखाया



**भिलाई।** प्रदेश सरकार के साल भर पूर्ण होने को लेकर शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला हाउसिंग बोर्ड के शाला प्रांगण में छत्तीसगढ़ शासन सुशासन को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान सीएसी प्रशांत पांडेय के द्वारा सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। साल भर बेहतर काम किए गए। सरकार के उपलब्धियों को लेकर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हुआ। जिसमें चेतना साहू प्रथम, पूर्वी निर्मलकर द्वितीय, आदित्य सिंह तृतीय स्थान पर रहे। रंगोली प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने सरकारी योजनाओं को पेश किया। छात्रों के लिए पोस्टकार्ड लेखन प्रतियोगिता भी हुई। छात्रों ने सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया कर नई-नई योजनाओं को लाने और छत्तीसगढ़ राज्य को उन्नति के पथ पर आगे बढ़ाने की बात कही। पोस्टकार्ड लेखन में अंकित प्रथम स्थान पर रहे। प्राथमिक शाला प्रधान पाठक , पूर्व माध्यमिक शाला की प्रधान पाठक सुमनलता वर्मा ने भी अपने विचार रखे।

### पुलिस गश्त में पकड़ाया अपचारी बालक

**भिलाई।** पुलिस गश्त के दौरान पुलिस ने एक अपचारी बालक को पकड़ा है। भिलाई तीन पुलिस कर्मियों ने लगातार गश्त कर रहे है। इस दौरान ऐश्वर्या गैस एजेंसी ,उम्दा रोड के पास बालक को पकड़ा गया था। पूछताछ करने पर बालक ने पुलिस को बताया कि गैस एजेंसी से लगे घर पर कैमरा चोरी करने बालक आया था।बालक के पास से बाइक, कैंची, पेचकस, पलाश जब्त किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक महेश ध्रुव और उप निरीक्षक संकल्प राय, आरक्षक काशीराम बरेठ को थाना पुरानी भिलाई के सीसीटीएनएस आपरेटर आरक्षक दीपक कुमार मंडावी के माध्यम से संदिग्ध के द्वारा बताए गए।

दिक्कत : सौ बिस्तर अस्पताल, रिसाली महाविद्यालय, ऑडिटोरियम सहित कई विकास कार्य हैं अवरूद्ध

# रिसाली निगम को 151 एकड़ जमीन का हस्तांतरण नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

इस्पात मंत्रालय ने रिसाली निगम के विकास के लिए 151.46 एकड़ भूमि हस्तांतरण के लिए सहमति नहीं दी है। जिसकी वजह से इस निगम क्षेत्र में करोड़ों रुपए का विकास कार्य शुरू नहीं हो सका है। इस्पात मंत्रालय द्वारा लोकसभा संसद सत्र के दौरान यह जानकारी उपलब्ध कराई गई है। इस क्षेत्र के 40 वार्डों में विकास का बाट जोह रहे है। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने भी इस मुदे को नहीं सुलझा सकी।

हरिभूमि सरोकार

### रिसाली निगम के ये बड़े विकास कार्य अटके

#### 100 बिस्तर अस्पताल

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रवासियों के लिए 100 बिस्तर अस्पताल भवन का निर्माण होना है। इसके लिए 2.50 एकड़ की जमीन चाहिए। पैसा भी स्वीकृत हो चुका लेकिन जमीन राज्य शासन का नहीं है। घोषणा को अंजाम देने 30 बिस्तर अस्पताल अस्थाई रूप से बीएसपी के बंद रूआबांधा हेल्थ सेंटर में चलाना पड़ रहा।

#### रिसाली महाविद्यालय


दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विद्यार्थियों के लिए रिसाली में शासकीय कॉलेज भवन का निर्माण किया जाना है। 3 एकड़ जमीन की डिमांड है। बजट भी मिल चुका है। इसके लिए भी जमीन की दिक्कत है। हालात ऐसे है कि मरोदा टैंक के सरकारी स्कूल में पढ़ने पांच साल से कॉलेज के विद्यार्थी मजबूर हैं। जिसकी वजह से इस कॉलेज में विद्यार्थियों की संख्या लगातार गिरती जा रही है।

#### ऑडिटोरियम व इंडोर स्टेडियम

रिसाली निगम द्वारा रिसाली सेक्टर एरिया में ऑडिटोरियम व स्टेडियम निर्माण के लिए भूमि चिहिंत की गई है। एक ही छत के नीचे ही लोगों को सभी तरह की सुविधाएं मुहैया करवाने ऑडिटोरियम के लिए एक एकड़ जमीन की जरूरत है। इसी तरह खेलकूद के लिए इंडोर स्टेडियम बनाना है।

#### 100 करोड़ का वीटीपी

रिसाली निगम के 40 वार्ड के लोगों को भिलाई निगम के 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट से उधारी मांगकर पानी पिला रहा है। स्वयं आत्मनिर्भर बनने 100 करोड़ की लागत से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाना है लेकिन जगह नहीं मिली। जिसकी वजह से लोगों को पर्याप्त पेयजल नहीं मिल पाता। जब भी भिलाई के फिल्टर प्लांट दिक्कत आती है। रिसालीवासियों को पेयजल के लिए जूझना पड़ता है। इस साल 6 बार तकनीकी दिक्कत आई और लोगों को परेशान होना पड़ा।



#### सेक्टर एरिया में 2.75 करोड़ का प्रोजेक्ट रूका

रिसाली निगम के सेक्टर एरिया में 2.75 करोड़ के सौंदर्यीकरण व विकास कार्य रूके हुए हैं। इस रकम से 9 विकास कार्य किया जाना है। निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग को पैसा मिल चुका था। उसके बावजूद भी इन विकास कार्यों को चालू नहीं किया जा सका। तत्कालीन गृहमंत्री व पूर्व विधायक दुर्ग ग्रामीण ताम्रध्वज साहू ने बीएसपी अधिकारियों की बैठक लेकर कई बार जमीन हस्तांतरण की कोशिश की लेकिन उनके कार्यकाल में भी सफलता नहीं मिली। जिसकी वजह से अब तक डीपीएस चौक से लेकर रिसाली गांव तक मुख्य मार्ग तक ये कार्य शुरू नहीं हो पाया।

#### वर्ष 2022 में 290.26 एकड़ भूमि दी

जानकारी दी गई है कि 290.26 एकड़ भूमि वर्ष 2022 में राज्य सरकार को हस्तांतरण का उल्लेख है एवं 151.46 एकड़ भूमि हस्तांतरण के संबंध में सहमति लंबित है। सांसद विजय बघेल के प्रयास से रिसाली निगम के बड़े क्षेत्र को योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। सम्पूर्ण बसाहट श्रमिक बस्ती नेवई बस्ती, मरोदा, पुरैना, रूआबांधा व अन्य वार्डो के निवासरत निवासियों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की समस्त योजनाओं लाभ अतिशीघ्र मिल सकेगा। इधर मौजूदा हालात अलग है। जिस भूमि को इस्पात मंत्रालय द्वारा रिसाली निगम को हस्तांतरित किया जाना है। उसमें से 90 प्रतिशत जमीन अवैध कब्जे में है।

#### सांसद विजय ने लोकसभा में जमीन हस्तांतरण का मुद्दा उठाया



दुर्ग सासंद विजय बघेल ने जल्द ही भू-हस्तातंरण के लिए सहमति जारी करने की मांग रखी। सांसद बघेल ने कहा कि अपने लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिका निगम रिसाली के सम्पूर्ण बसाहट श्रमिक बस्ती वार्ड नेवई बस्ती एवं मरोदा व अन्य वार्ड जो कि पूर्व में भिलाई इस्पात संयंत्र के क्षेत्राधिकार में थे। उन्हें छत्तीसगढ़ शासन को हस्तांतरण के संबंध में पूर्व में भिलाई इस्पात संयंत्र एवं छत्तीसगढ़ शासन के बीच सहमति हुई थी। किन्तु भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आज पर्यन्त उक्त भूमि का हस्तांतरण छत्तीसगढ़ राज्य शासन को न करने के कारण से वहॉ निवासरत निवासियों को प्रधानमंत्री आवास एवं उक्त क्षेत्र में पट्टा वितरण के साथ-साथ विभिन्न जीवनोपयोगी विकास कार्यो में दिक्कतें आ रही है।

# चोरी करने का प्रयास, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- सीसी कैमरे से पहुंची आरोपी तक
- घटना कोतवाली थाना क्षेत्र का

दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के कारण पुलिस आरोपी तक पहुंच पाई। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि ब्राह्मण पारा निवासी महेंद्र कश्यप ने दुकान में चोरी के प्रयास की शिकायत दर्ज कराई थी। सदर बाजार में मोहन मिष्ठान भंडार नाम से उनका होटल है। सुरक्षा के लिए पीड़ित ने सीसीटीवी कैमरा लगवा रखा है। 10 दिसंबर की रात करीब 11.30 बजे घर के सभी लोग खाना खाकर टीवी देख रहे थे। इस दौरान बेटा अर्पित कश्यप आया और मोबाइल में सीसीटीवी कैमरा दिखाते हुए बोला कि दुकान में कोई चोरी करने का प्रयास कर रहा है।



जिसमें एक युवक दुकान का ग्रिल काटकर उसे रस्सी से बांधकर दुकान के भीतर घुसने का प्रयास कर रहा है।

तुरंत लोगों की मदद लेकर दुकान पहुंचे। तब तक चोर मौके से फरार हो गया था। उसे खोजबीन करने पर कोई जानकारी नहीं मिली। लेकिन बेटे को छत पर एक आधार कार्ड पड़ा मिला। वो किसी अगोधा फरिया फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश निवासी ग्रीश कुशवाहा का था। मुखबिर की सूचना पर आधार कार्ड के जरिए आरोपी कीजानकारी जुटाई गई। शनिवार को आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी के पास से काले रंग का बैग, रिंग और पेचकस, रस्सी को जब्त किया।




एसपी शुक्ला होंगे परेड के कमांडर

# छग पुलिस को 24 वर्षों के ट्रैक रिकार्ड के लिए 'प्रेसिडेंट पुलिस कलर' अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

राष्ट्रपति का पुलिस कलर अवार्ड छत्तीसगढ़ पुलिस के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ता है। यह सम्मान न केवल हमारे पुलिस बल के मनोबल को ऊंचा करेगा, बल्कि उनकी कर्तव्यनिष्ठा और सार्वजनिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को भी और सशक्त बनाएगा।

यह सम्मान केवल पुलिस विभाग का ही नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का है। ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण में, छत्तीसगढ़ पुलिस को प्रतिष्ठित 'प्रेसिडेंट पुलिस कलर' से सम्मानित किया गया है। यह विशेष सम्मान देश भर की चुनिंदा पुलिस इकाइयों को दिया जाता है। जो राष्ट्र के प्रति 25 वर्षों की अनुकरणीय सेवा और अटूट समर्पण को मान्यता देता है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने अपने साहस और दृढ़ता के माध्यम से यह सम्मान अर्जित किया है।

विशेष रूप से नक्सल मोर्चे पर चुनौतियों का सामना करते हुए, जहाँ उन्होंने लगातार कानून और व्यवस्था को बनाए रखा है। इस दौरान दुर्ग जिले के एसपी जितेन्द्र शुक्ला 15 दिसंबर को पुलिस परेड ग्राउंड रायपुर में होने वाले ऐतिहासिक राष्ट्रपति पुलिस कलर अवार्ड समारोह के परेड कमांडर हैं।

बीते 24 वर्षों के शानदार ट्रैक र कॉर्ड के लिए देश के सर्वोच्च पुलिस सम्मान राष्ट्रपति पुलिस कलर अवार्ड से पुलिस परेड ग्राउंड, रायपुर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हाथों सम्मानित किया जाएगा।

#### ब्रिटिश जमाने से चला आ रहा

23 नवंबर 1950 को तत्कालीन ब्रिटिश भारतीय रेजिमेंटों के 'किंग्स कलर' को देहरादून के चेटवुड हॉल में रखा गया। भारत गणराज्य के राष्ट्रपति के 'कलर्स' के लिए जगह बनाई जा सके। भारतीय नौसेना पहली भारतीय सशस्त्र सेना थी। जिसे 27 मई 1951 को डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा राष्ट्रपति ध्वज से सम्मानित किया गया था।

#### विशेष ध्वज को निशान भी कहा जाता

यह एक प्रकार का विशेष ध्वज है , जिसे 'निशान' भी कहा जाता है , जो एक संगठित समारोह में सैन्य इकाई को प्रदान किया जाता है। ध्वज सामान्यतः राष्ट्रपति द्वारा व्यक्तिगत रूप से प्रदान किये जाते हैं। जो सशस्त्र सेनाओं के सर्वोच्च कमांडर होते हैं। राष्ट्रपति की अनुपलब्धता की स्थिति में सेवा प्रमुख द्वारा प्रदान किये जाते हैं।

#### शामिल होना ही बड़ी गर्व की बात



समारोह में शामिल होना ही बड़ी गर्व की बात होती है। बेहतरीन काम के लिए पुलिस यूनिट को राष्ट्रपति का निशान मिलता है। पुलिस को यह सम्मान साल भर पहले ही मिल गया। पुलिस के अच्छे कार्य, सफलताओं को देखते हुए उसे मिलता है।

-जितेन्द्र शुक्ला,
एसपी दुर्ग

# मंडल अध्यक्ष बनने तीन पैनलों में भेजे नाम, कोर ग्रुप कमेटी करेगी अब मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी के संगठन चुनाव की कडी में बूथ अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद अब मंडल अध्यक्षों को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हैं। मंडल में नियुक्त प्रभारियों के अगुवाई में चले गहरे मंथन के बाद तीन नामों का पैनल तैयार कर जिला संगठन को भेजा दिया गया था। संगठन द्वारा इस पैनल को जिला कोर ग्रुप कमेटी के बीच आज रखेगी। इस बैठक में ही कोर ग्रुप कमेटी इन तीन नामों के मंथन के बाद एक नाम पर सहमति बनाकर इसी दिन घोषणा किए जाने की संभावना हैं।

उल्लेखनीय हैं कि, भारतीय जनता पार्टी अपना संगठन चुनाव शुरू कर चुकी है। पहले चरण के तहत दुर्ग भाजपा संगठन ने आठ सौ से अधिक बूथों में अध्यक्ष का चयन किया। इसके बाद अब मंडल अध्यक्षों के लिए भी कवायद शुरू कर दी गई थी। इसके लिए मंडल स्तर पर चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति की गई थी। जिनके जरिए संगठन तक पैनल में नाम भेजे जाने थे। पिछले आहूत कोर ग्रुप की बैठक में जिला चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी की अगुवाई में तीन नामों का पैनल तैयार करने के निर्देश दिए गए थे। हांलाकि मंडल में दावेदारो की खडी फौज के बीच पैनल तैयार करने में प्रभारियों के भी पसीने छूटे थे, लेकिन अन्ततः मंडल से पैनल भेज दिए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि, रविवार को होने वाले बैठक के लिए देर रात कोई तैयारी नही थी। खबर है कि, पैनल में नाम आने के बाद भी खिंचतान की स्थिति निर्मित रही। ऐसे में ऐसा कम ही संभावना है कि, रविवार को घोषणा हो जाए। भाजपा संगठन के नेताओं ने बताया कि, दुर्ग जिला भाजपा संगठन में तेरह मंडल पर अध्यक्षों की ताजपोशी करेगी। दुर्ग संगठन में पिछले दिनों परिसीमन समिति की बैठक के बाद तेरह से बढकर मंडल सत्रह कर दिए गए हैं। हांलाकि, बढे मंडल चुनाव के बाद अस्तित्व में आएंगे।

## जिला भाजपा संगठन ने पन्द्रह दिसंबर को घोषणा का किया था ऐलान

### आज ही मंथन और घोषणा के बाद नियुक्ति

संगठन की तैयारी अनुसार 15 दिसंबर को मंडल अध्यक्षों की घोषणा तय थी। लेकिन रविवार को देर रात जिला भाजपा संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल व जिला निर्वाचन प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी के आने की सूचना संगठन को नही मिली। बताया गया कि, जिला कोर ग्रुप समिति, जिसमें सांसद, विधायको की उपस्थिति में लिफाफा बंद पैनल को खोला जाएगा। इस बैठक में ही मँथन के बाद तीन में से किसी एक नाम की घोषणा होगी। मंडल अध्यक्षो के निर्धारित योग्यता में देखा जाएगा कि, उनकी उम्र 45 साल से अधिक व 35 से कम तो नही हैं, वहीं पिछला कार्यकाल में जिम्मेदार पदों पर रहा हो और बैकग्राउंड में सक्रिय सदस्यात भी देखी जाएगी।




### इन मंडल में इनके नाम भेजे गए

भाजपा सूत्रों ने बताया कि, चंडी शीतला मंडल में कमलेश फेकर, नवीन साहु, अमित पाल का नाम है। वहीं गंजपारा मंडल में महेन्द्र लोढा, दीपक सिन्हा, राकेश दुग्गड हैं। मध्य मंडल में बंटी चौहान, अतुल पहाडे व सन्नी कहार हैं, वही अंजोरा मंडल में उमेश्वर यादव, ताम्रध्वज यादव व हेमंत सिन्हा के नाम हैं। बोरी लिटिया मंडल में पूर्व भायजुमो अध्यक्ष खिलावन साहू, अरविंद पटेल, सूरज देशमुख, नीलाम्बर साहू, बीरबल पटेल एवं दिनेश पटेल में से तीन नाम भेजे गए हैं। इसी तरह अन्य मंडलो में भी तीन-तीन नाम भेजे गए हैं।

### जिला अध्यक्ष के लिए तीस के बाद तैयारी

मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद आगामी तीस दिसंबर को रायपुर में बैठक रखी जाएगी। जिसमें जिला अध्यक्ष चुनाव को लेकर रणनीति बनेगी। उल्लेखनीय हैं कि, भाजपा ने देशभर में सितंबर महीने से नए सिरे से अपना सदस्यता अभियान शुरू कर दिया था। सभी प्रदेश, जिला एवं मंडल को सदस्य बनाने का टारगेट दिया गया था। नवंबर महीने तक चले सदस्यता अभियान के बाद अब संगठन को नए सिरे से बनाने का काम भी शुरू हो गया है। बूथ अध्यक्ष के चुनाव के साथ ही संगठन को नया रूप दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### बच्चों ने किया न्यौता भोजन

दुर्ग। शासकीय प्राथमिक शाला डोड़की विकासखंड धमधा में बच्चों को शिक्षक खिलेश्वर साहू द्वारा न्योता भोजन कराया गया। शासन की योजना मध्याह्न भोजन में अतिरिक्त पोषण के रूप में बच्चों को सुजी का हलुवा, पूरी परोसी गई। आज के मध्याह्न भोजन में बच्चों ने न्योता भोजन करके काफी आनंदित हुए। मध्याह्न भोजन का संचालन मां शीतला स्व सहायता समूह डोड़की द्वारा किया जा रहा है । न्यौता भोज में संस्था प्रमुख यशवंत पटेल, चंद्रभान वर्मा, रूपसिंह साहू सम्मिलित हुए। उन्होंने श्री साहू का आभार व्यक्त किया।

### सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर छायाचित्र की प्रदर्शनी



दुर्ग। राज्य सरकार के 13 दिसम्बर को एक वर्ष पूरे होने तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन को प्रदर्शित करने दो दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई। दुर्ग नगर के राजेन्द्र पार्क चौराहा पर जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई इस छायाचित्र प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा राज्य एवं जिले की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। इस दौरान सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित पत्रिकाएं व प्रचार सामग्रियां लोगों को वितरित किया गया। नगरवासियों, विद्यार्थियों के अलावा राह चलते लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### प्रयास विद्यालय के छात्रों ने एम्स का किया भ्रमण



दुर्ग । कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार प्रयास आवासीय विद्यालय के जीवविज्ञान संकाय में अध्ययनरत 140 विद्यार्थियों को एम्स रायपुर का भ्रमण कराया गया। जहां उन्हें अस्पताल की कार्यप्रणाली से परिचित कराया गया। डिप्टी कलेक्टर विजय ध्रुव ने बताया कि छात्रों को आपातकालीन सेवा, ऑपरेशन थियेटर, रेडियोलॉजी विभाग का भ्रमण कराते हुए आधुनिक चिकित्सा उपकरणों और तकनीकों से अवगत कराया गया। एक विशेष सत्र में छात्रों को चिकित्सा क्षेत्र में कैरियर बनाने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी संबंधी जानकारी डॉक्टरों और कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा दी गई।

### राशनकार्ड नवीनीकरण की बढ़ी तिथि, अब फरवरी तक

दुर्ग। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डों के नवीनीकरण हेतु 31 अक्टूबर तक वृद्धि की गई थी। प्रभारी खाद्य नियंत्रक टीएस अत्री के अनुसार राज्य शासन द्वारा राशनकार्ड नवीनीकरण की समय-सीमा अब 1 दिसम्बर से 28 फरवरी 2025 तक बढ़ाई गई है।

## विडंबना : जिले के मिलर बीस दिसंबर तक हड़ताल पर, ट्रांसपोर्टर से उठाव की कवायद

# परिवहनकर्ता और समिति प्रबंधकों के बीच लोडिंग को लेकर दो फाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

धान खरीदी की व्यवस्था सुलझने का नाम नही ले रही हैं। संभावना थी कि, शनिवार और रविवार को ट्रांसपोर्टर उठाव करेगें। शनिवार को सिर्फ डीडीभांठा, तेलीगुंड्रा और सुरपा केन्द्र में ट्रके लगी। लेकिन यहां भी समितियों ने ट्रक लोडिंग करने से मना कर दिया। जिसके चलते ट्रांसपोर्टरों में भी आक्रोश की स्थिति निर्मित हैं। ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि, हमारे टेंडर में लोडिंग करने का नियम नही है। ऐसे में उठाव को लेकर ट्रांसपोर्टर और सोसायटी प्रबंधको के बीच दो फाड की स्थिति निर्मित हो गई हैं।

शनिवार को डीडीभांठा, तेलीगुंड्रा और सुरपा सोसायटी में ट्रके लग पाई। लेकिन यहां भी उठाव को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित रही। मार्कफेड द्वारा ट्रांसपोर्टरों से उठाव के लिए टीओ तो जारी कर दिए गए हैं। लेकिन ट्रको में धान लोडिंग करने से सोसायटी प्रबंधको के हाथ खडे कर दिए जाने से नया बखेडा खडे हो गया है। ट्रांसपोर्टर रिंगपाल सिंह ने बताया कि, हम अपनी समस्या को लेकर सोमवार को सीईओ से मुलाकात करेगें। अब सोसायटी में धान को ट्रक में लोडिंग करने के खर्चे का मामला सुलझने के बाद ही तस्वीर साफ होगी। लेकिन यह साफ है कि, अब तक बंद हुए खरीदी केन्द्रों से उठाव नही हो सका है। हांलाकि मार्कफेड द्वारा 19454 टन का टीओ जारी कर दिया गया है, लेकिन उठाव अब तक नही हुआ हैं। वही मिलरों को 16240 टन डीओ जारी किया गया हैं। जिसमें से 2926 टन (खरीदी का सिर्फ 1.26 फीसदी) का उठाव हुआ हैं। जिले में 23 लाख 14 हजार क्विंटल से अधिक खरीदी हो चुकी है, जो 102 केन्द्रो में जाम हैं। अभी नगपुरा, भेडसर, दमोदा, सांकरा, ढोढकी केन्द्रों में खरीदी बंद हैं।

## जिले के आधा दर्जन केंद्रों में खरीदी हो चुकी बंद, कुछ केंद्र में ही नाममात्र धान



### समितियों ने कहा - हमारी हालात ठीक नहीं

हरिभूमि ने सोसायटी प्रबंधको से जानकारी ली। उनका कहना है कि, पिछले साल धान खरीदी का कमीशन उन्हें नही मिला हैं, कर्मचारियों को वेतन देने के लिए राशि नही हें। इसके आलावा प्रांसगिक व्यय भी नही मिला हैं। ऐसे में सोसायटी लोडिंग राशि देने की स्थिति में नही हैं। सूत्रों ने बताया कि, प्रशासन द्वारा लोडिंग राशि देने समितियों पर दबाव भी बना रही है। लेकिन समितियां नही मान रही है। ऐसे में ट्रांसपोर्टरों ने सोमवार को सीईओ से मिलने की तैयारी की हैं।

### संग्रहण केन्द्रों में भी तैयारी नहीं

जिले में आधा दर्जन संग्रहण केन्द्र है। लेकिन यहां कुछ ट्रके पहुंची भी है, जिसे अनलोड नही किया गया हैं। संग्रहण केंद्रो की सफाई तक नही कराई गई हैं। संग्रहण केन्द्रों में धान अनलोड कराने मार्कफेड से ठेका दिया जाता है। लेकिन यहां भी स्थिति स्पष्ट नही दिख रही हैं। खबर हैं कि, दो साल पहले जिस ठेकेदारों को संग्रहण केन्द्र में अनलोड करने का ठेका दिया गया था, उससे ही कार्य कराने की तैयारी है। फिलहाल बेमेतरा का बेरला संग्रहण केन्द्र खोले गए हैं।

### प्रशासन का दावा, शुरू हो गया उठाव

शुक्रवार को जिला कार्यालय में पीडित किसानों ने सोमवार से उठाव नही होने पर कलेक्टेड में ही धान सुपुर्द करने की चेतावनी दी थी। जिसके बाद जिला प्रशासन नींद से जागा हैं। शनिवार को तहसीलदारों को केन्द्रों में भेजा गया था। वही प्रशासन द्वारा दावा किया गया है कि, उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव भी शुरू हो गई है। 2,954 में. टन धान का उठाव किया जा चुका है। प्रशासन द्वारा जारी समाचार अनुसार डीएमओ भौमिक बघेल के अनुसार जिले के उपार्जन केन्द्रों जहां धान खरीदी प्रभावित है, उन केंद्रों से धान के उठाव हेतु परिवहनकर्ता को 19,454 में. टन धान के उठाव के लिए टी.ओ. जारी किया गया है। आज नगपुरा, भेड़सर, ओटेबंद, तेलीगुंडरा उपार्जन केन्द्रों में गाड़ियां लगी है। मिलरों को 16240 टन के लिए डीओ जारी किया गया हैं, जिसमें उठाव बेहद कम ढाई हजार टन का ही किया गया हैं।

# राजेन्द्र पार्क चौक का होगा री-मॉडलिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के राजेन्द्र पार्क चौक में 84 लाख रूपए खर्च कर ट्रैफिक से राहत देने का दावा किया जा रहा हैं। निगम की माने तो इस चौक नया रूप दिया जाएगा। री-मॉडलिंग कराई जाएगी। राजेन्द्र पार्क चौक की रोटरी और आइलैंड को री-डिजाइन करने के साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था में अवरोध बने बिजली के खम्भे, डिवाइडर और ट्रैफिक सिग्नल को हटाने के निर्देश भी दे दिए गए हैं।

■ निगम का दावा : लोगों को ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

हांलाकि निगम द्वारा इसकी विस्तार से जानकारी जारी नही की गई हैं। बताया गया कि, नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर के चर्चित स्थान राजेन्द्र पार्क चौक का कायाकल्प किया जाएगा। जिला प्रशासन व निगम प्रशासन ने इसका पूरा खाका तैयार कर लिया है। इसमें करीब 84 लाख की लागत आएगी। इससे ट्रैफिक जाम से जूझ रहे आम लोगों को बड़ी राहत मिलने वाली है। राजेन्द्र पार्क चौक की री-मॉडलिंग कराई जाएगी। इससे दुर्गवासियों को ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत मिलेगी। इसमें राजेन्द्र पार्क चौक की रोटरी और आइलैंड को री-डिजाइन करने के साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था में अवरोध बने बिजली के खम्भे, डिवाइडर और ट्रैफिक सिग्नल को शिफ्ट किया जाएगा। कमिश्नर सुमित अग्रवाल द्वारा कार्य स्थल का निरीक्षण कर जल्द कार्य शुरू करने के लिए मौजूद अधिकारियो को निर्देश दिया गया है। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता हरिशंकर साहू, उपअभियंता राजेन्द्र ढाबाले, यातायात अधिकारी आदि मौजूद रहें। जानकारी लेने आयुक्त सुमीत अग्रवाल से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होने फोन रिसिव नही किया।

# ठंड से राहत देने शहर के चौक-चौराहों पर निगम प्रशासन जला रहा अलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

लगातार ठंड बढ़ती जा रही है। रात के समय ठंड और कोहरा काफी बढ़ जा रहा है। कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश पर शहर के चौक चौराहों पर लगातार अलाव जलाने के लिए अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग अमला द्वारा अलाव जलाया जा रहा है। नगर पालिक निगम अतिक्रमण विभाग अमला द्वारा शहर के सभी चौक चौराहों, रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड में लगातार अलाव जलाने का कार्य किया जा रहा है। निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने बताया कि बदलते मौसम और ठंड के कहर से लोगों की जान तक चली जाती है। सबसे अधिक खतरा घुमंतू और फुटपाथ पर सोने वालों को रहता है। साथ देर रात रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड में यात्रियों को ठंड के चलते काफी परेशानी होती है। इसे देखते हुए सभी सार्वजनिक जगह में निरंतर अलाव जलाने के निर्देश दिए गए हैं। कमिश्नर के निर्देश पर रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, फुटपाथ जहां लोग सोते हैं, शहर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्र, चौक-चौराहों सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है । इसके लिए निगम ने लकड़ी की व्यवस्था की है।

■ बढ़ती ठंड से लोगों को मिलेगी राहत



## रेप के आरोपी को सजा दिलाने निकाली रैली




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) द्वारा हिंदी भवन से जिला कार्यालय तक रैली निकाली गई। छत्तीसगढ़ में महिलाओं और बच्चियों पर हो रहे अपराधों को रोकने एवं आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला पीजीटी के साथ क्रूर बलात्कार और हत्या के दो मुख्य आरोपियों संदीप घोष और अभिजीत मंडल को जमानत दिए जाने के खिलाफ प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर दुर्ग को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

■ राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# महिला कांग्रेस ने भाजपा के कार्यकाल की गिनाई विफलता, की गई नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भाजपा सरकार के एक साल के कार्याकाल के विफलता को गिनाने महिला कांग्रेस ने धरना दिया। जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग, जिला कांग्रेस ग्रामीण एवं भिलाई ने शहर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिन पहले हिंदी भवन के सामने विरोध प्रदर्शन किया था। इसी कडी में शनिवार को महिला कांग्रेस दुर्ग ने भाजपा सरकार के एक साल पूरे होने पर विरोध स्वरूप मौन प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी व्यक्त की।

■ कांग्रेसियों ने मौन प्रदर्शन कर नाराजगी जताई



गांधी पुतले के सामने आयोजित इस प्रभावशाली प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुईं, जिन्होंने हाथों में तख्तियां लेकर भाजपा सरकार की विफलताओं को उजागर किया। इस दौरान पूर्व विधायक अरूण वोरा भी थे। वोरा ने कहा कि, भाजपा सरकार ने एक साल के कार्यकाल में प्रदेश को अराजकता, अत्याचार और वादा खिलाफी के सिवा कुछ नहीं दिया। इस दौरान महिला कांग्रेस अध्यक्ष कन्या ढीमर, शकुन ढीमर, डॉ. अश्वनी जांगड़े, भूमिका देशमुख, सुनीता देवांगन, खुशबू साहू सहित अन्य उपस्थित रहीं।

## अवार्ड 35 करोड़ 14 लाख 70458 रुपए रही, मौके पर हुई सुनवाई

# नेशनल लोक अदालत में 440015 मामले निराकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला न्यायालय, कुटुम्ब न्यायालय, व्यवहार न्यायालय भिलाई-3 व्यवहार न्यायालय पाटन एवं व्यवहार न्यायालय धमधा तथा किशोर न्याय बोर्ड, श्रम न्यायालय, स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाएँ), राजस्व न्यायालय एवं उपभोक्ता फोरम दुर्ग में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान 44 हजार से अधिक प्रकरणों का निपटारा किया गया।

■ सुनवाई के लिए 35 खंडपीठ का किया गया गठन

डॉ. प्रज्ञा पचौरी प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में गिरिजा देवी मेरावी, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग के अलावा जिला अधिवक्ता संघ, दुर्ग की अध्यक्ष सुश्री नीता जैन एवं अन्य पदाधिकारीगण, न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण तथा विभिन्न बैंक के प्रबंधक उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत में कुल 35 खण्डपीठ का गठन किया गया। उक्त नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य दाण्डिक सिविल परिवार, मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण रखे गये तथा उनका निराकरण आपसी सुलह, समझौते के आधार पर किया गया। इसके अलावा बैंकिंग, वित्तीय संस्था, विद्युत एवं दूरसंचार से संबंधित प्री-लिटिगेशन प्रकरणों (विवाद पूर्व प्रकरण) का निराकरण भी किया गया। लोक अदालत में दोनों पक्षकारों के आपसी राजीनामा से प्रकरण का शीघ्र निराकरण होता है, इसमें न तो किसी की हार होती है न ही किसी की जीत होती है। इस दौरान पक्षकारों के स्वास्थ्य जाँच, परीक्षण हेतु एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उक्त विभाग कार्यालय की ओर से डॉ. चंचल चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य सहायक कर्मचारियों द्वारा सेवाएं प्रदान की गयी।




### बैंक, बिजली और परिवारिक मामले रहे

वर्ष 2024 के चतुर्थ एवं अंतिम नेशनल लोक अदालत में कुल 18596 न्यायालयीन प्रकरण तथा कुल 421419 प्री-लिटिगेशन प्रकरण निराकृत हुए जिनमें कुल समझौता राशि 351470458 रूपये रहा। इनमें बैंक के प्रीलिटिगेशन के कुल 46, विद्युत के कुल 329, बीएसएनएल के 97 मामले निराकृत हुए, जिनमें कुल समझौता राशि लगभग 6244074 रही है। इसी कम में लंबित निराकृत हुए प्रकरण में 773 दाण्डिक प्रकरण, क्लेम के 63 प्रकरण, पारिवारिक मामलें के 128 चेक अनादरण के 1021 मामलें, व्यवहार वाद के 42 मामलें श्रम न्यायालय के कुल 57 मामलें तथा स्थायी लोक अदालत दुर्ग के कुल 3004 मामलें निराकृत हुए।

### इस तरह के मामले आए सामने

सुनवाई के दौरान आर. भाग्य लक्ष्मी व अन्य विरूद्ध उत्तम साहू व अन्य के मामले में आवेदकगण द्वारा मृतक आर. कोटेश्वर की मृत्यु के परिणाम स्वरूप क्षतिपूर्ति राशि 60 लाख देने पर बीमा कंपनी राजी हुई। दूसरा मामला शासन विरूद्ध कामता प्रसाद में अभियुक्त कामता प्रसाद के विरूद्ध धारा 451, 323, 294 एवं 506 भाग दो के तहत अपराध पंजीबद्ध हुआ था, जो साक्ष्य स्तर पर लंबित था। आरोपी और प्रार्थी आपस में रिश्तेदार थें। आपसी राजीनामा कराए गए। तीसरा मामला अभियुक्तगण राजेश एवं दुर्गेश दोनों सहोदर हैं। जिनकी पड़ोसी प्रार्थिया मीना सोनी है, जिसकी किराने की दुकान है। शराब के नशे में आकर प्रार्थीया से गाली-गलौच करने पर रिपोर्ट लिखायी गयी। इनका आपसी राजीनामा कराया गया।

## नालियों में गोबर बहाया तो संचालक देंगे जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश पर संचालित डेयरी व पशुपालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डेयरी व्यवसाय संचालित ओर पशुपालन के संबंध में व्यापक रूप से चर्चा की गई। निगम के अफसरों ने कहा कि, नालियों में गोबर बहाया तो डेयरी संचालकों से जुर्माना वसूला जाएगा। पशुओं को खुले में छोड़ने से होने वाली गंम्भीर दुर्घटना के सबन्ध एवं अन्य बातों को ध्यान में रखने की हिदायत दी गई।

# कर्तव्य पर अधिकार को हावी न होने दें, सर्विस लाइफ यादगार रहेगी: राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶जामगांव आर

संकुल जामगांव आर में शनिवार को विदाई समारोह आयोजित किया। गत माह स्थानांतरित सेजस जामगांव आर संकुल प्राचार्य कुशल मार्गदर्शक राजेश पिल्लई को विदाई दी गई।

इस अवसर पर संकुल के साथियों ने कहा कि स्थानांतरण आवश्यक प्रक्रिया नहीं होती तो ऐसे मिलनसार अनुशासन प्रिय कुशल मार्गदर्शक की छत्रछाया से हम सब वंचित नहीं होते। शिक्षक राष्ट्र निर्माता से विभूषित हैं। सेजस जामगांव आर में 30 माह तक प्राचार्य की यादगार भूमिका निभाने वाले राजेश पिल्लई ने कहा कि कर्तव्य पर अधिकार को हावी न होने दें, कर्तव्य का सुहाना सफर पूरा जीवन यादगार बनकर आपको आनंदित करता रहेगा। आनंद अधिकार से ज्यादा कर्तव्य निर्वहन में है। सर्विस लाइफ स्वयं और दूसरों के लिए भी आनंददाई बन जाती है।

आप सबका स्नेह प्रेम में 30 माह कैसे निकला पता ही नहीं चला। उन्होंने कहा कि टीचर केवल सर्विस नहीं कर रहे है ध्यान रखे शिक्षक राष्ट्र निर्माता से पदोभूषित है। अपने पद की गरिमा बनाए रखने में कोई कसर नहीं छोड़े देश निर्माण में महती भूमिका निभाए यह शिक्षक के अंतरात्मा की पुकार है तब सच्चे राष्ट्र निर्माता का अलंकरण आपको सुकून दे पाएगा।

सेजस जामगांव आर में संकुल प्राचार्य का विदाई समारोह



### काम करने का अच्छा अवसर मिला

संकुल प्राचार्य चेतना ठाकुर ने कहा कि पिल्लई सर के कार्यकाल में शाला एवं संकुल स्तर पर काबिले तारीफ उपलब्धियां मिलीं। उनके मार्गदर्शन में काम करने का अच्छा अवसर मिला। समन्वयक रूपेश साहू ने कहा कि राजेश पिल्लई की अनुशासित कार्यशैली से संकुल, विकासखंड, एवं जिले का नाम रौशन हुआ है। कुशल मार्गदर्शक की याद आती रहेगी। इस अवसर पर समन्वयक टिकेश्वर गजपाल, संजय खिलाड़ी, छत्रेश्वरी मंडावी, टुकेंद्र ठाकुर, हुलसी नेताम, तमेश्वरी साहू, अमित चंद्राकर, गणेश दास, ऋषि यादव, सुरेश महिपाल, टुकेंद्रा बिजोरा आदि मौजूद थे।

## अंचल की खबरें

### एक साल बेमिसाल कार्यक्रम में शामिल हुए ग्रामीण



**सेलूद।** भाजपा सरकार द्वारा एक साल बेमिसाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के 1 वर्ष होने पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के मुख्य अतिथि में रायपुर में आयोजित ग्राम ढौर के जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के हर प्रसाद आडिल, काशीराम साहू, शालिक राम साहू, स्थानीय साहू समाज के कोषाध्यक्ष महेंद्र साहू, राम भगत साहू, कांति निर्मलकर, मीणा निर्मलकर, नेमा साहू आदि मौजूद थे।

### प्रीति का एसएससी व आईटीबीपी फोर्स में चयन



**अंडा।** दुर्ग जिला अंतर्गत लक्ष्य मैदान अंडा मिनी स्टेडियम के प्रीति टेकाम टेकाम एसएससी व आइटीबीपी फोर्स के लिए चयन प्रीति टेकाम विकास खंड डौडी लोहारा जिला बालोद के पास नेताम टोला के निवासी है। जो ग्राम अंडा दुर्ग में रहकर लक्ष्य मैदान अंडा में निरंतर प्रशिक्षण लिया और आईटीबीपी फोर्स में अपना नाम चयनित कराया। भारत यादव खिलेंद चंद्राकर, लोमस चंद्राकर ,युवराज देशमुख ,गुलशन दिल्लीवार,राहुल देशमुख, दीपेश देशमुख,डिलेश साहू,खिलेंद धीवर ,लीलाधर धीवर ,रेमन ठाकुर, अनिल सिन्हा,अनिलदेशमुख,हेमंत, एमन देशमुख, उमेश साहू,द्रोण देशमुख, रूपेंद्र यादव, कृष्ण देशमुख, दुष्यंत साहू,शशि देशमुख ,पंकज देशमुख, जितेश देशमुख ,इंद्रेश देशमुख, प्रशांत ,बंटी चंद्राकर ,महेंद्र पटेल ,अजय देशमुख ,रूपेंद्र यादव ,मिथलेश देशमुख, ,पीयुषा देशमुख, सुमन सोनवानी ,चुनेश्वरी देशमुख आदि ने बधाई दी।

### विद्यार्थियों को ठंड से बचने बांटे 3000 स्वेटर



**उतई।** शासकीय नवीन प्राथमिक शाला,शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला उमरपोटी,के लगभग 500 बच्चों को सरवती देवी बनारसी दास फरमानिया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संस्थापक सुरेश फरमानिया के द्वारा 500 बच्चों को स्वेटर का वितरण किया गया। स्वेटर वितरण के अवसर पर सभी स्कूलों में बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। फरमानिया ने कहा कि बच्चे ही भगवान का रूप है और उनकी मुस्कुराहट ही असली धन है। प्रधान पाठक विज्यशंकर डहरिया ने फरमानिया को साल श्रीफल देकर सम्मानित किया। शिक्षक गिरीश साहू ने बताया कि सरवती देवी बनारसी दास फरमानिया ट्रस्ट विगत 10वर्षों से छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में बच्चों को पचास हजार स्वेटर,पचास हजार कॉपी,पुस्तके,कंपास,बेंच डेक्स आदि का वितरण छात्रहित में निस्वार्थ भाव से कर रहा हैं। जिसमें खोपली, घूघसीडीह, डूमरडीह,काशीडीह, जोरातराई उमरपोटी, चुनकट्टा आदि के स्कूल शामिल है। इस अवसर पर सावंत राम साहू, मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक कल्पना देवांगन,नवीन शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव गिरीश साहू,ब्लॉक अध्यक्ष मनीष साहू ,चंद्रकला चौधरी,रेखा साहु, गुनीता साहु,ग्राम के सरपंच टिकेंद्र ठाकुर, एसएमसी अध्यक्ष गौकरन माण्डले,विधायक प्रतिनिधि रेवती ठाकुर, सीतामणी साहु, नीता चुरेंद्र,भावना कश्यप, लोकेश्वरी चंद्राकर,भगवती देवांगन,वेणुका देवांगन और मंच संचालन डॉ.भगवती साहू आदि मौजूद थे।

### बच्चों के अंदर संस्कार का बीजारोपण करें: संत

**अंडा।** आज भारत देश मे शास्त्र अनुसार प्रचलित सोलह संस्कारों में से कुछ



ही संस्कार शेष है बाकी पाश्चात्य सभ्यता के अंधानुकरण के कारण संस्कार विलुप्तता के कगार पहुच गई है, छोटे-छोटे बच्चों के अंदर की मासूमियत छीन गई और उम्र से अधिक बड़े परिलक्षित हो रहे है। बच्चों के अंदर तो संस्कार की बजाय आज संसार की अधिकता दिखाई दे रही है, ये संसार आज तो अच्छा प्रतीत हो रहा है लेकिन निकटतम भविष्य अंधकार मय रहेगा इसलिए जीवन मे संस्कार को धारण करे बच्चो के अंदर बचपन से ही संस्कार का बीजारोपण करे, तभी आने वाला भविष्य उज्ज्वल होगा, बच्चे ही आने वाले भारत देश का भविष्य है इसलिए बच्चों को संस्कार युक्त बनाये, व्यवहार कुशल बनाये। उक्त उद्बोधन ग्राम ओडारसकरी में देशमुख परिवार के द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में ध्रुव चरित्र, भरत चरित्र और प्रहलाद चरित्र पर आध्यात्मिक भाव प्रकाशित करते हुए प्रवचनकर्ता निरंजन महाराज भागवत आश्रम लिमतरा ने कहा व्यवहार जगत में रहना है तो व्यवहार कुशल होना आवश्यक है, जहाँ व्यवहार नही वहाँ संस्कार नही और जहाँ संस्कार नही वहाँ जीवन का पतन निश्चित है।

## खबर संक्षेप

### कृष्ण के बाल रूप की कथा में झूमें श्रद्धालु

**अंडा।** श्रीमद् भागवत महापुराण का छठवां दिन जिसमें बाल चरित्र कंस उद्धार की कथा सुनाई। गायत्री ज्ञान मंदिर एवं समस्त ग्रामवासी कुथरेल के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा एवं पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में कथा सुनने उमड़ रही भीड़।कथावाचक सुरेश कुमार दीन ने बताया कि भगवान कृष्ण माखन की चोरी करते थे और माखन का मतलब होता है स्नेह प्यार जिसका मतलब हुआ कि भगवान सब के बीच स्नेह और प्यार बांटने का काम करते थे। माखन चोरी की एक कथा में बताते हैं कि गोपियों ने कान्हा को माखन चोरी करते पकड़ने का एक उपाय सोचा जिसमें गोपियों ने माखन वाले मटको में घंटी बांधी ताकि जब कान्हा अपने सखाओं के साथ आए तो घंटी बजने लगे और हम उन्हें पकड़ ले। जैसे ही कान्हा गोपियों के घर आते हैं और देखते हैं कि मटकियो में घंटी बंधी हुई है तब कान्हा घंटियों को आदेश करते हैं कि तुम बजना मत और कान्हा के साथ उनके सखा जैसे ही माखन की चोरी करते हैं और खाने लगते हैं तभी घंटियां टन टन कर बजने लग जाता है और गोपियां वहां आती है और कान्हा को पकड़ लेते हैं तब कान्हा कहते हैं कि गोपियों से तो बाद में निपटुंगा पहले इस घंटी से निपटता हूं।

## निधन

### सालिक राम कोल्हे

**भिलाई।** आशीष नगर रिसाली



निवास सालिक राम कोल्हे (92 वर्ष) का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 दिसंबर को रिसाली मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे बीएसपी से सेवानिवृत्त कर्मचारी थे। अंतिम यात्रा सुबह 9 बजे निवास स्थल शुभकामना अपार्टमेंट फेज-2 से निकलेगी। यह जानकारी गणेश गोस्वामी ने दी।

### चंद्रशेखर

**दुर्ग।** विद्युत नगर दुर्ग निवासी



चंद्रशेखर पिता प्रकाश लोरे का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 दिसंबर को दोपहर 2 बजे रामनगर मुक्तिधाम भिलाई में किया जाएगा। अंतिम यात्रा निवास स्थल से निकलेगी। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए।

## घुघसीडीह में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन

# साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए नुक्कड़ नाटक का मंचन, नशामुक्ति पर भी दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶उतई

साईं कॉलेज सेक्टर 6 ने राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर ग्राम घुघसीडीह में लगाया।शिविर का उद्घाटन सरपंच गोवर्धन बारले, ग्राम पुरोहित सहित ग्रामीणों ने किया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने गांव में स्वच्छता का संदेश देने के साथ ही जागरूकता भरे विभिन्न कार्यक्रम भी किए। स्वयंसेवकों ने पैदल मार्च करते हुए ग्राम घुघसीडीह का भ्रमण किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उतई के सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, बौद्धिक चर्चा के साथ संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किए गए। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से डिजिटल फ्रॉड रोकने और उनसे बचने के उपाय बताए गए। बौद्धिक चर्चा में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. जैनेन्द्र दीवान, डॉ. रजनीश, डॉ. साहु ने स्वयं सेवकों को सामाजिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। नवीन शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव गिरीश साहू ने साइबर क्राइम से बचने के उपायों और नशामुक्ति पर विस्तार से सभी स्वयंसेवकों को बताया।

डॉ. वर्षा वर्मा ने स्वयंसेवकों के प्रतिदिन के क्रियाकलापों के बारे में समापन समारोह में विस्तार से बताया। शिविर में कृषि, उद्यानिकी, जैविक खेती से संबंधित जानकारी विषय विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को दी। ग्राम पंचायत घुघसीडीह में दिए गए टास्क को स्वयंसेवकों ने पूरा किया। हर घर जाकर विभिन्न प्रकार की शासन द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं से अवगत कराया।



### डिजिटल साक्षरता पर ग्रामीणों को दी जानकारी

स्वयंसेवकों ने नशामुक्ति, रैली महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता जागरूकता, स्वास्थ्य परीक्षण और जागरूकता, विकसित भारत 2047, डिजिटल साक्षरता के माध्यम से जागरूकता लाने का प्रयास किया। शिविर में बालक, बालिकाओं के लिए खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि प्रतियोगिता आयोजित की गईं। बौद्धिक परिचर्चा के मुख्य अतिथि साईं महाविद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर डॉ.ममता सिंह, प्राचार्य डॉ. डीबी तिवारी एवं सहायक अध्यापक प्रिया भट्टाचार्य उपस्थित थे। समापन व पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथ पूर्व सरपंच अमरावती साहू और वर्तमान सरपंच गोवर्धन बारले थे। कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. वर्षा वर्मा और डॉ. दामिनी विश्वकर्मा थे।

# सेलूद में 2 से 5 जनवरी तक 24 कुंडीय महायज्ञ



हरिभूमि न्यूज ▶▶सेलूद

सेलूद में आयोजित 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, विराट महिला सम्मेलन और श्रीमद प्रज्ञा महापुराण कथा 2 से 5 जनवरी तक आयोजित है। आयोजन के चौथे दिन 5 जनवरी को सांसद विजय बघेल, ग्रामीण विधायक ललित चंद्रकार, दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव, पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू, जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्रकार शामिल होंगी। सभी अतिथियों ने महायज्ञ में आने की स्वीकृति प्रदान किया है। ग्राम सेलूद में सनातन पर्व के अवसर पर भव्य महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। सुबह सुबह प्रभातफेरी के माध्यम से ग्राम भ्रमण किया जा रहा है। इसमें ग्रामीण जन उत्साह के साथ शामिल हो रहे हैं। सेलूद ग्राम में पहली बार 24 कुण्डीय महायज्ञ होने जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए पूरे क्षेत्र की जनता के साथ साथ राजनेताओ का भी आगमन होने जा रहा है। चारों दिवस में अलग-अलग धार्मिक मूर्धन्य के साथ राजनीतिक व्यक्ति शामिल होने पहुंच रहे हैं। समापन दिवस के दिवस पर क्षेत्र के सभी जनप्रतिधियों को निमंत्रित करने का कार्य जारी है।

■ 5 को शामिल होंगे सांसद विजय बघेल

उक्त अतिथियों को आमंत्रित करने के लिए समन्वयक अशोक सिंग, सह संयोजक संजय यदु, अजय सिंग ठाकुर, खेमलाल साहू उपस्थित रहे। यह जानकारी अतिथि संयोजन प्रभारी संजय यदु ने प्रदान किया।

# पोषक विद्यालय संपर्क अभियान कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रास एनरोलमेंट रेसियो बढ़ाना: डॉ. नंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶पाटन

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा के मार्गदर्शन में दाऊ रामचंद्र, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय पाटन में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान की शुरुआत की गई। सरस्वती मां की पूजा अर्चना के बाद स्कूल की प्रधान अध्यापिका अंजू राय तथा व्यायाम शिक्षक हेमंत बघेल द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर सभी प्राध्यापकों का स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा ने कहा कि पोषक विद्यालय संपर्क अभियान कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रास एनरोलमेंट रेसियो बढ़ाना है।

■ शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन



शासन का लक्ष्य सभी को उच्च शिक्षा प्रदान करना कराना है। साथ ही पाटन महाविद्यालय की उपलब्धियां से स्कूली छात्र छात्राओं को अवगत कराया। बच्चों के मध्य क्विज स्पर्धा के अंतर्गत सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछकर, सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

### स्कूल के प्रतिभावान विद्यार्थी हुए सम्मानित

पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं ओम अंगारे कक्षा बारहवीं गणित, शैलेंद्र कुमार कक्षा ग्यारहवीं वाणिज्य, प्रिया यमराज कक्षा 12वीं वाणिज्य, प्रणव वर्मा कक्षा 12वीं वाणिज्य, धात्री घिरवानी कक्षा 12वीं बायो, रश्मि यादव कक्षा ग्यारहवीं बायो, सीमा नायक कक्षा ग्यारहवीं बायो, परिधि सिन्हा कक्षा ग्यारहवीं बायो, दिशांत बारले कक्षा बारहवीं गणित, भावेश देवांगन कक्षा ग्यारहवीं कॉमर्स, तथा आयुष कुमार दक्ष कक्षा सातवीं हैं। बीएम साहू ने बताया की 11वी और 12 वी के बच्चों के किये यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा, ताकि अधिक से अधिक छात्र छात्राये उच्च शिक्षा प्राप्त कर सके। डॉ आरके वर्मा ने कार्यक्रम में आए भूतपूर्व तथा महाविद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं का परिचय कराया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति सेल के प्रभारी डॉ गौरव शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति और पाटन कालेज में संचालित कोर्स के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ पुष्पा मिंज ने राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से व्यक्तित्व विकास कैसे करें, इस पर अपने विचार रखे। डॉ. साधना राहटगावंकर ने सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों के बारे में बताया। शैलेष मिश्र ने कॉलेज में उपलब्ध अंग्रेजी लैब के सुविधाओं से सबको अवगत कराया। डॉ एसके भारती ने लाइब्रेरी वह कीड़ा प्रभारी जितेंद्र कुमार मंडावी ने महाविद्यालय में उपलब्ध खेल सुविधाओं के संबंध में जानकारी दिए। कार्यक्रम का संचालन अतिथि सहायक प्राध्यापक चंद्रशेखर देवांगन तथा आभार प्रदर्शन शैलेष मिश्र सर ने किया। महाविद्यालय के प्राध्यापक गण आराधना दुबे, अतिथि व्याख्याता मनमोहन साहू, अतिथि क्रीडा सहायक विशाल श्रीवास्तव,जनभागीदारी प्राध्यापक अंकित वर्मा तथा दीपांजली वर्मा, सोनल, लोचन देवांगन, ईश्वर सिन्हा, योगेश यादव आदि महाविद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थी और बडी संख्या में स्कूली छात्राएं उपस्थित थे।

## कांग्रेस सरकार में चाकरी करने वालों से लोकार्पण-भूमिपूजन कराएं: हर्षा



**पाटन।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमणि चंद्राकर ने कहा कि पिछले पांच वर्षों तक जब कांग्रेस की सरकार थी, हमेशा प्रोटोकॉल को तोड़ने का कार्य किया गया। जब भी लोकार्पण-भूमिपूजन हुआ। हर बार भाजपा के जनप्रतिनिधियों का अपमान हुआ, पिछले पांच वर्षों में लगातार भाजपा के जनप्रतिनिधियों को अपमानित करने वाले कांग्रेसी अब किस मुंह से बोल रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जैसा बोओगे वैसा काटोगे, जो कर्म पिछले पांच वर्षों में किया है, उसका परिणाम अब इन पांच वर्षों में देखना होगा।

चंद्राकर ने आरोप लगाया कि प्रोटोकॉल तोड़ने का काम पूर्व मुख्यमंत्री के संरक्षण में ही होता था। किसानों की समस्या के लिए लड़ने की बात करते हैं, उनके उपज की वाजिब दाम दिलाने की बात करते हैं। वहीं दूसरी तरफ महंगाई के नाम पर टमाटर की कीमत अधिक होने का विरोध भी करते हैं।

## बिजनेस साइट

### सोरियासिस रोग का इलाज आयुर्वेद रसायन से ही: डॉ. अग्रवाल

**भिलाई।** सोरियासिस रोग लाइलाज एक जटिल रोग है। इसकी चिकित्सा केवल आयुर्वेद के रस रसायन के अलावा



दूसरी चिकित्सा है ही नहीं, इस रोग को किसी साधारण गोली दवा, इलाज से दबाने की गलती भूलकर भी नहीं करें, वरना आगे चलकर रोग गंभीर हो सकता है। डॉ. एचसी अग्रवाल बताते हैं कि वात, पित, कफ तीनों की विकृति त्रिदोषज अर्थात इम्यून डिसआर्डर रोग है। इससे वायरस बैक्टीरिया दोनों नहीं होते इसलिए यह छूत की बीमारी भी नहीं है। सिर में रूसी का भ्रम, न, शरीर में तांबे रंग के पपड़ीयुक्त छिलकेनुमा छाले दाग, नाखूनों का सड़ना, उंगलियों का टेढ़ा होना, जोड़ों में सूजन, दर्द, अकड़न होकर रोगी अपंग हो जाता है। यह सोरियासिस के गंभीर लक्षण है, इसमें कोई चमड़ी रोग नाशक दवा या इस्टेराईड एवं पंचकर्म क्रिया इत्यादि से ठीक नहीं होता दब जाता है यह केवल आयुर्वेद के रस रसायन में ही संभव है। सभी चमड़ी एवं रोगों के स्थायी इलाज के लिए गुरूद्वारा, स्टेशन रोड स्वरूप टाकीज के सामने, ब्राईट फर्नीचर के पीछे दुर्ग स्थित क्लीनिक में डॉ. अग्रवाल से दोपहर 3 से रात्रि 7:30 बजे तक मरीज मिल सकते हैं।

### कब्ज का काल स्नेह कब्जनाल चूर्ण

**भिलाई।** आप ने कब्ज की बहुत से दवा ली लेकिन बात नहीं बनी समस्त पेट रोगों के लिए आशीर्वाद स्नेह कब्जनाल चूर्ण यह केवल मल को ही साफ नहीं करता बल्कि आंतों का शोधन कर नये पुराने चिपके हुए मल को शोधन कर बाहर निकालता है। पेट में गुड बैक्टीरिया को बढ़ाता हैं पेट के गट लाइन को शक्ति देकर सभी रोगों से सुरक्षा प्रदान करता हैं। पेशाब से जाने वाले सफेद चिपचिपे पदार्थ को तुरंत बंद करता है। कोई भी बीमारी की दवा आप जो ले रहे है वो ठीक से काम क्यों नहीं करता क्योंकि आपके आंतों में पुराने मल की सड़न जो आंतों में चिपके हुए हैं इसके कारण कोई भी दवा शीघ्रता से काम नहीं करता इसका एक ही कारण हैं। स्नेह कब्जनाल चूर्ण सभी मेडिकल स्टोर में उपलब्ध।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# चुनावी खर्च: निगम को पांच लाख, नगरपालिका तीन और नगर पंचायत 75 हजार

## राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने जारी की अधिसूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आगामी दिनों होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा चुनावी खर्च की लिमिट तय कर दी हैं। जिसमें नगरनिगम के पार्षद पांच लाख चुनावी में खर्च कर सकेगें, वही नगरपालिका परिषद के लिए तीन लाख और नगर पंचायत के पार्षद सिर्फ 75 हजार खर्च कर सकेगें। बहरहाल निकाय चुनाव के आरक्षण की प्रक्रिया के बाद चुनावी माहौल दिखने लगेगा।

इससे पहले तीन लाख की आबादी के लिए तीन लाख रूपए ही खर्च लिमिट तय थी, वही नगरपालिका परिषद के लिए एक लाख चास हजार और नगर पंचायत के लिए पचास हजार थे। इस बार नगरीय निकाय में महापौर का चुनाव सीधे जनता करेगी। यही नहीं इस बार सीधे चुनाव के आलावा बैलेट पेपर से वोटिंग होगी। निर्वाचन आयोग ने मेयर और अध्यक्ष के लिए सफेद बैलेट तैयार किया हैं, वही पार्षदों के लिए गुलाबी पेपर होगें। मोहर के जरिए इस बार जनता पार्षदों के साथ महापौर का भी चुनाव करेगी। जिला निर्वाचन आयोग ने बैलेट पेपर के लिए निविदा भी जारी कर दिया है, बताया गया कि, प्रत्याशी तय नही है, इसलिए दस फीसदी अधिक बैलेट पेपर छपेगें। इस बार ईव्हीएम नही बल्कि, सभी पदों के लिए बैलेट पेपर से चुनाव होगें।

### आबादी के आधार पर खर्च का निर्धारण

खर्च की सीमा अभी सिर्फ पार्षदों के लिए तय की गई है। सरकार ने इस बार आबादी के हिसाब से खर्च की सीमा तय की है। ऐसे नगर निगम जहां 2011 की जनगणना के अनुसार, आबादी 3 लाख से ज्यादा है, वहां उम्मीदवार 8 लाख रुपये तक खर्च कर सकते हैं। जिन नगर निगम की आबादी 3 लाख से कम है। वहां के उम्मीदवार 5 लाख रुपये तक खर्च कर सकते हैं। वहीं, नगर पालिका के पार्षद 2 लाख और नगर पंचायत के पार्षद 75 हजार रूपए खर्च कर सकेगें।

### आगामी 19 को आरक्षण की संभावना

जानकारी अनुसार आगामी 19 दिसंबर को नगरीय निकायों के लिए वार्ड आरक्षण की प्रक्रिया किए जाने की संभावना है। हांलाकि निर्वाचन अधिकारियों का कहना है कि, पंचायत का आरक्षण सत्रह को होगा, निकाय के लिए निर्देश नही मिले हें। उल्लेखनीय है कि, एससी व एसटी, पिछडा वर्ग एवं महिलाओं के लिए आरक्षण होगा। इधर पंचायत चुनाव के लिए आगामी 17 दिसंबर को जिला पंचायत, जनपद मुख्यालय में प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके लिए कर्मचारियों पहले ट्रैनिंग दिया जाएगा।

### जनवरी से प्रशासक संभालेंगा कार्यभार

आगामी पांच जनवरी को नगरनिगम दुर्ग के कार्यकाल समाप्त होने वाला हैं। अवधि समाप्त होते ही कार्यकाल शून्य हो जाएगा। ऐसे में पांच जनवरी के बाद प्रशासक नियुक्त किए जाएंगे। जल विभाग के प्रभारी संजय कोहिले ने बताया कि, इससे पहले वर्ष 1984 में प्रशासक बैठाए गए थे। प्रशासन द्वारा 8-9 साल तक कार्य संभाला गया, वही 1994 में निकाय चुनाव कराया गया था। इधर कार्यकाल के पहले विकास कार्यो को लेकर भूमिपूजन करने का दौर लगातार जारी हैं।

### यहां होगें नगरीय निकाय चुनाव

जानकारी अनुसार नगरपालिका निगम दुर्ग के साठ वार्ड में महापौर और पार्षद के लिए आम चुनाव होगें। वही नगरपालिका परिषद अहिवारा व अमलेश्वर परिषद में भी होगें। धमधा, पाटन उतई नगर पंचायत में भी चुनाव होगें। इसके आलावा नगरपालिका निगम भिलाई के वार्ड दो, नगरपालिका निगम रिसाली के वार्ड एक और नगरपालिका परिषद भिलाई चरौदा के वार्ड एक में उप चुनाव होगें। इस तरह तीनों नगरपालिका के चार वार्ड में उपचुनाव कराए जाएंगे।







## आयोजन : एक साल में किए गए विकास व जनकल्याणकारी कार्यों की दी जानकारी

# सरकार का सुशासन, खुशहाली और समृद्धि का एक साल बेमिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



- मानपुर मोहला अंबागढ़ चौकी जिला प्रशासन सभागार में विधायक ललित ने ली प्रेस वार्ता

छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर पूरे प्रदेश के सभी जिलों में सरकार द्वारा प्रेसवार्ता आयोजित किया गया। ज़िला प्रशासन मानपुर मोहला अंबागढ़ चौकी जिला प्रशासन सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में मुख्य वक्ता के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए।

प्रदेशवासियों को विष्णुदेव सरकार की एक वर्ष पूर्ण होने पर बधाई प्रेषित करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 1 वर्ष में किए गए विकास कार्यों व जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि 13 दिसम्बर को हमारी सरकार का पहला साल पूरा हुआ। हमारा यह पहला साल आप सभी की सहभागिता और विश्वास के साथ विकास के लिए समर्पित रहा। बीते 12 महीनों में छत्तीसगढ़ प्रदेश ने विकास के नये आयाम स्थापित किए हैं।

विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के अपने संकल्प को पूरा करने की दिशा में हम सफलता के साथ लगातार आगे बढ़े हैं। इस दौरान हमने प्रदेश के सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम किया और उपलब्धियां हासिल की।

विधायक ललित ने कहा की हमारी प्राथमिकता में वे लोग रहे जो सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं।

### अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे विकास

चंद्राकर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने हमें अंत्योदय का संदेश दिया है। इसी के अनुरूप हमने प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक विकास को पहुंचाने के लिए लगातार काम किया है। हमने राज्य के जनजातीय समाज के गौरव को फिर से ऊंचाई पर स्थापित करने में सफलता प्राप्त की है। उनकी आय और रोजगार में वृद्धि के लिए अनेक कदम उठाए गए। तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 4 हजार रुपए मानक बोरा से बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपए मानक बोरा कर दी गई, जनजातीय क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई उद्योग नीति में पर्यटन को शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि हमारी नई उद्योग नीति से राज्य के औद्योगिक क्षेत्र में भी विकास की नई संभावनाओं का सृजन हुआ है। यह नीति प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी। हमने इस नीति को रोजगार परक बनाया है। हमने किसानों से किया गया वादा पूरा करते हुए 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की। प्रदेश की माताओं-बहनों से किए गए वादे को पूरा करते हुए महतारी वंदन योजना शुरू की गई। इसका लाभ 70 लाख माताओं-बहनों को मिल रहा है।

### सभी को मिले पक्का मकान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जरूरतमंद परिवारों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने के अपने वादे को पूरा करने के लिए सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया। इस निर्णय पर तेजी से अमल करते हुए आवासों के निर्माण के लिए बड़ी राशि भी जारी की गई। इस तरह हमने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अधिकांश गारंटियों को एक साल के भीतर ही पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि हमने वादा किया था कि हम राज्य में सुशासन स्थापित करेंगे। इसके लिए तकनीक का प्रयोग करते हुए शासन-प्रशासन को पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त बनाने में हमें अच्छी कामयाबी मिली है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के सुशासन के सपने को हम लगातार साकार कर रहे हैं। पुराणों में जिसे राम-राज कहा गया है, उसे ही हम सुशासन कहते हैं। मदनलाल साहू जिला अध्यक्ष मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी, रमेश हिड़ामे जिला उपाध्यक्ष मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी रतन तारम मंडल अध्यक्ष मोहल्ला यशवंत कोमरे मंडल महामंत्री मोहला देव प्रसाद नेताम युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ,मोनू वर्मा मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा मोहला ),वीर नारायण उईके युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष मोहला ,गोपाल कौशिक, अमित श्रीवास्तव युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष ,भूपेंद्र जिला युवा मोर्चा सदस्य,अमित मेश्राम आदि मौजूद थे।

# कोर्ट ने इंजीनियरिंग छात्र अनुराग की मौत की पुनः जांच करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



ग्रीन वैली जुनवानी थाना सुपेला स्थित पांचवी मंजिल में इंजीनियरिंग छात्र अनुराग साहू 1 जनवरी 2022 को संदिग्ध व्यवस्था में मृत पाया गया था। सुपेला पुलिस द्वारा जांच में लापरवाही बरते जाने के बाद आवेदक वीरेंद्र कुमार साहू ने हाई कोर्ट में परिवाद दायर किया था। फिर से जांच कर न्याय दिलाने का निवेदन किया था। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती श्वेता पटेल की कोर्ट ने पक्षकार वीरेंद्र कुमार साहू विरुद्ध आभा चौधरी एवं अन्य पर धारा 156(3) के तहत प्रस्तुत परिवाद को स्वीकार किया था। कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या संज्ञेय अपराध कारित होना दर्शित होता है। ऐसी दशा में धारा 156 (3) के अंतर्गत शक्तियों का प्रयोग किया जाना यथोचित दर्शित होता है। हाई कोर्ट ने सुपेला थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि इस मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र संबंधित कोर्ट में प्रस्तुत करें।

- पुलिस ने की लापरवाही, अनुराग साहू की मौत को पुलिस ने माना था सामान्य मौत

अधिवक्ता राजकुमार तिवारी ने बताया कि पक्षकार वीरेंद्र कुमार साहू के पुत्र अनुराग साहू का शव उसके ही मित्र दुर्गेश कोरोनिक के ग्रीन वैली जुनवानी स्थित फ्लैट 35 डी 2 के पांचवें मंजिल में संदग्धि अवस्था में मिला था। सुपेला पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा मृतक अनुराग साहू के सामने के हस्सिे गले, पेट के कुछ हस्सिे, पेट के दाहिने हस्सिे, दोनों कंधों के सामने हस्सिे में खून का जमना तथा सिर पर चोंट, फ्रैक्चर होना दर्शित किया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक अनुराग साहू को आई चोट एवं संदग्धि परस्थितियों के दृष्टिगत मृतक अनुराग साहू की मृत्यु सामान्य नहीं थी। अनुराग की हत्या में अनावेदक गण की संलप्तिता होने के संबंध में की गई शिकायत पर बिंदुवार जांच किए जाने का निवेदन भी किया गया था, परंतु पुलिस द्वारा कोई उचित एवं सूक्ष्म जांच नहीं की गई थी।

## लोक सृजन समिति का महा बैठका आज

**भिलाई।** भिलाई लोक सृजन समिति व हाउसलीज संघर्ष समिति द्वारा 15 दिसंबर को सिविक सेंटर में दोपहर 1 बजे महा बैठका आयोजित की गई है। महाबैठका में कई मुद्दो पर चर्चा की जाएगी।

## राज्य अल्पसंख्यंक आयोग के पूर्व चेयरमेन कैम्बो की हालत स्थिर



**भिलाई।** राज्य अल्पसंख्यंक आयोग के पूर्व चेयरमेन व वरिष्ठ पत्रकार सुरन्द्र सिंह कैम्बो की अचानक तबियत खराब होने से अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र निवासी उद्योगपति व पत्रकार सुरेन्द्र सिंह कैम्बो की को सांस लेने में परेशानी के चलते उन्हें दुर्ग स्थित आरोग्यम अस्पतला लेकर जाया गया। जहां से शंकराचार्य अस्पताल रेफर किया गया। डॉक्टरों के मुताबिक निमोनीया के चलते उन्हें सास लेने में दिक्कत और हृदय की धड़कन भी ठीक से काम नहीं कर रहा है।

# जनशताब्दी में पत्थर मारा आरपीएफ ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जनशताब्दी एक्सप्रेस के एसी डिब्बों में पत्थरबाजी करने के मामले की जांच करते आरपीएफ ने पत्थर मारने वालों को पकड़कर कार्रवाई की है।

आरपीएफ सूत्रों के अनुसार 12 दिसंबर को 4.27 बजे आरपीएफ मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष नागपुर एवं ट्रेन नंबर 12070 में तैनात अनुरक्षण दल से सूचना प्राप्त हुई कि गाड़ी सं.-12070 जनशताब्दी एक्सप्रेस के कोच नं.-सी/3 में राजनांदगांव स्टेशन से रवाना होने के बाद गौरीनगर फाटक से आगे रेलवे किमी नं.-895/12-14 के पास बाहर से पत्थर लगा है। जिससे उक्त ट्रेन के कोच नं.-सी/3 के चेयर नंबर-14, 15, 17, 18 की खिड़की का कांच चटक गया है।

इसी दौरान राजनांदगांव स्टेशन साईड से एक ट्रेन को आते देख उसके एसी डिब्बों के कांच पर निशाना लगा रहे थे और ट्रेन के डिब्बे पर पत्थर फेंक दिया,जो ट्रेन के कांच में लग गया, उन्हें नहीं पता था कि गाड़ी का कांच टूट जाएगा या किसी को चोंट लग जाएगी एवं उक्त घटना में अपनी गलती स्वीकार की। आरपीएफ सूत्रों ने बताया कि उक्त दोनों विधि से संघर्षरत किशोरों के बताए अनुसार फोन के माध्यम से उनके अभिभावकों को बुलाया गया एवं विधिवत कार्रवाई कर रेल अधिनियम की धारा 153 के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई।

### रेसुब मौके पर पहुंचा

उक्त सूचना पर तत्काल पोस्ट प्रभारी रे.सु.ब. राजनांदगांव निरीक्षक तरूणा साहू, एन. जया प्रकाश सहा सुरक्षा आयुक्त रेसुब नागपुर को सूचना देते उनके निर्देशन में प्रधान आरक्षक राजेन्द्र रायकवार, आरक्षक प्रमोद यादव के साथ तुरंत घटनास्थल की ओर रवाना हुए। गौरीनगर फाटक से आगे रेल लाईन किनारे-किनारे से घटनास्थल पर पहुंचे तो 2 छोटे लड़कों को मौके पर मौजूद पाकर उन्हें रोककर उनसे प्रेमपूर्वक पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपना नाम व पता बताया। आगे और विश्वास में लेकर ट्रेन में हुई पत्थरबाजी की घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि वह दोनों दोस्त हैं एवं आगे इमली के पेड़ से इमली तोड़ने के लिए गए थे। वापस लौटते वक्त दोनों आपस में एक-दूसरे से ज्यादा पत्थर फेंकने की होड़ लगा रहे थे।

# शराब बेचते कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ढाबा के सामने अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे युवक को पुलिस ने दबिश देकर मौके पर पकड़ा। आरोपी से 15 पौवा देशी प्लेन यूनिक शराब बरामद कर कार्रवाई की गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिलेभर में अवैध रूप से शराब बिक्री एवं तस्करी करने वालों के खिलाफ धरपकड़ अभियान तेज कर दिया गया है। जिसके तहत सुकुलदैहान पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 13 दिसंबर को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम बम्हनीटोला संगवारी ढाबा के सामने एक व्यक्ति मात्रा से अधिक शराब बिक्री हेतु रखा है। 15 पौवा देशी प्लेन यूनिक शराब जब्तः सूचना पर पुलिस ने मुखबीर के बताये अनुसार जाकर रेड कार्रवाई किया। आरोपी मनोहर देवांगन के पास एक सफेद रंग के प्लास्टिक पानी पाउच की बोरी के अंदर से कुल 15 पौवा देशी प्लेन यूनिक शराब कीमती 1350 रुपए को जब्त कर आरोपी मनोहर देवांगन को गिरफ्तार किया गया। जुर्म जमानतीय होने तथा आरोपी द्वारा जमानतदार पेश करने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(ए) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# दिल्ली व रायपुर की टीम आई फूलों के बाजार का निरीक्षण करने

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर निगम भिलाई के द्वारा चलाए जा रहे शासन के पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत सुपेला दक्षिण गंगोत्री में फूलों का बाजार को व्यवस्थित ढंग से स्थापित किया गया है। इस बाजार का निरीक्षण करने दिल्ली व रायपुर की टीम शनिवार को यहां पहुंची। दिल्ली भारत सरकार से इंदु प्रकाश एवं राज्य सरकार रायपुर से दल ने जायजा लिया। उन्होंने व्यापारियों से बात की । निगम भिलाई द्वारा प्रदान की जाएगी सुविधाओं की जानकारी ली । उन्हें बड़ी खुशी हुई कि भिलाई के पौधा बेचने वाले व्यापारियों द्वारा उन्हें पौधों के बारे में, पौधे में किस बीमारी पर कौन सा दवाई डाला जाए, क्या उपयोगी होगा, किस मौसम में कौन सा पौधा लगाना चाहिए इत्यादि की बहुत अच्छी जानकारी है। अपने ग्राहकों को बड़ी बारीकी से जानकारी देते हैं दी। उनको यह भी बताया की नगर निगम भिलाई के एसएलआरएम सेंटर के द्वारा बनाई गई जैविक खाद बहुत उपयोगी है। जिसको वह लोगों को बेच रहे हैं। उसे उनको आय हो रहा है, उनका परिवार अच्छी तरह से चल रहा है। इस संबंध में नगर निगम भिलाई को राज्य शासन द्वारा पुरस्कृत भी किया गया है। दिल्ली से आए हुए दल के प्रतिनिधि संतुष्ट होकर के गए।



### बागवानी के पौधे बेचकर चला रहे परिवार

बागवानी के पौधे बेचने वाले व्यापारियों का समूह शासन की योजनाओं का लाभ लेकर के अपना रोजगार कर रहा है। शहर में चर्चा का विषय है किसी को भी जब अपने बागवानी के लिए, फूलों के पौधे, फलदार पौधे, पूजा करने वाले पौधे, गमले खाद, दवाई इत्यादि लेना रहता है। दक्षिण गंगोत्री में स्थापित फूलों को बाजार में आते हैं। वहां उन्हें उचित दर पर सब सामग्री मिल जाती है। इस दुकान की स्थापना प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से किया गया है। वहां पर उन्हें सेड बना कर दिया गया, लोन दिया गया, पानी, लाइट की सुविधा दी गई। व्यवस्थित बाजार बना कर दिया गया है।

## 18 दिसम्बर को मद्य निषेध दिवस

**दुर्ग।** बाबा गुरूघासीदास जयन्ती के अवसर पर 18 दिसम्बर को जिला स्तर पर संचालित विभिन्न विभागों के सहयोग से मद्य निषेध दिवस का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने सर्व विभाग प्रमुख/नगरीय निकाय प्रमुख/जनपद पंचायत तथा अध्यक्ष/स्वैच्छिक संस्था प्रमुख और अध्यक्ष/सचिव/भारत वाहिनी समिति को इस संबंध में पत्र जारी कर इस अवसर पर जन सामान्य को मद्यपान के विरूद्ध व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित करने के लिए-ग्राम पंचायत स्तरों पर गठित भारत माता वाहिनी समिति द्वारा मद्य निषेध के पक्ष में कार्यक्रम आयोजित कराने। रेडियों एवं दूरदर्शन से नशामुक्ति कार्यक्रमों का प्रसारण। जिले के समस्त विभागों के समन्वय से नशापान के विरूद्ध समुचित कार्यवाही होगी।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301






# हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 15 दिसंबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129


04



दिसंबर की बहार

**लाइव इवेंट**

## कुंभ मेले में एक थैला एक थाली अभियान में चेम्बर की भागीदारी, 500 थैला व थाली समर्पित



**भिलाई।** छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई ने कुंभ मेले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा चलाए जा रहे अभियान हरित कुंभ में 500 थैला व थाली भेंट की। प्रदेश महामंत्री अजय भसीन व भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा ने 500 थाली व थैला संघ के पदाधिकारी रामजी साहू (संघ चालक), दीनबंधु (नगर कार्यवाहक भिलाई नगर), डॉ. अनूज नारद (अभियान संयोजक) एवं देश दीपक (प्रभारी जम्मू कश्मीर अभियान)को समर्पित किया। भसीन ने बताया कि संघ द्वारा आगामी कुम्भ मेले में प्रदूषण रोकने का यह अभियान विकसित भारत के लिए एक प्रेणादायी संदेश है। भिलाई चेम्बर का एक एक व्यापारी भी विकसित भारत के लिए 10-10 थालियां हरित कुम्भ के लिय समर्पित कर रहा है। भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा ने बताया कि भिलाई के व्यापारियों से हर मार्केट के प्रभारीयों द्वारा व्यापारियों से सम्पर्क कर कुम्भ मेले में प्रदूषण न हो इस अभियान को सार्थक करने सभी व्यापारियों ने 10-10 थालियों व थैलों का दान किया। यह संघ को भेंट कर दिया है। अश कुमार मिश्रा ने अपने पोते के जन्मदिवस पर 111 थाली अपने पोते के हाथों से संघ को भेंट की। इस अभियान में प्रभारी प्रेम रतन गहलोत, मनोहर कृष्णानी, मनोज मखीजा, शिवराज शर्मा, सुनील मिश्रा का विशेष सहयोग रहा।

**केंद्रीय विद्यालय सीआईएसएफ उतई का वार्षिकोत्सव और संगठन स्थापना दिवस समारोह**

# साइबर क्राइम पर अवेयर करने प्रस्तुत नाटक ने रमाया, एक्शन सॉन्ग, पारंपरिक लोककला और कठपुतली नृत्य ने बटोरी वाहवाही

केंद्रीय विद्यालय संगठन स्थापना दिवस और वार्षिक उत्सव का आयोजन केंद्रीय विद्यालय सीआईएसएफ उतई में किया गया। समारोह में मुख्य रूप से उप महानिरीक्षक केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल डॉ. अनिल पाण्डेय, कंबाइंड हॉस्पिटल सीआईएसएफ के सीएमओ डॉ. मोहम्मद इकबाल जफर और एसजी दास रूप से उपस्थित थे। अतिथियों को जीवन का प्रतीक पौधा भेंटकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने स्वागत गान प्रस्तुत कर उनका अभिवादन किया। इस अवसर पर साइबर क्राइम पर नाटक, लोककला पर नृत्य सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

**भिलाई।** विद्यालय की प्राचार्या भुवनेश्वरी ने स्वागत भाषण के साथ वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालय संगठन की स्थापना 15 दिसंबर 1963 को हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य देश के विभिन्न हिस्सों में केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना करना और उन्हें संचालित करना है, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सके। प्राचार्या ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय संगठन ने अपनी स्थापना के बाद से ही देश में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कठिन परिश्रम और मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यालय के शैक्षिक और पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों व गतिविधियों का उल्लेख भी किया। इसके बाद सेवानिवृत्ति विशेष अतिथि एसजी दास ने अपने विचार रखे। प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों द्वारा एक्शन सॉन्ग, साइबर क्राइम रोकथाम विषय पर हिंदी नाटक, संबलपुरी लोक लोक नृत्य, कठपुतली नृत्य और प्रहसन, केंद्रीय विद्यालय संगठन स्थापना दिवस गीत प्रस्तुत किया। पुरस्कार वितरण समारोह में नीति अवस्थी को सम्मानित किया गया।उन्होंने बारहवीं में सत्र 2023- 24 के सीबीएसई परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान अर्जित किया था।



### प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

इस अवसर पर प्राचार्या भुवनेश्वरी ने शैक्षणिक क्षेत्र 2023-24 में कक्षा बारहवीं और दसवीं के गुणवत्ता पूर्ण 100% परिणाम के लिए तथा क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर में आयोजित नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में उल्लेखनीय योगदान के लिए जो प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ था। उसे मुख्य अतिथि के हाथों ग्रहण किया। प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित कियाा गया, जिन शिक्षक शिक्षिकाओं ने सीबीएसई परीक्षा में विद्यार्थियों को अधिक से अधिक अंक दिलवाए, उन्हें गोल्ड और सिल्वर सर्टिफिकेट से नवाजा गया।

### सफलता के लिए कठिन परिश्रम की जरुरत, इसे समझना होगा, तभी जीवन में आगे बढ़ पाएंगे

कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं को विद्यालय में आमंत्रित किया गया था। उन्हें भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए कठिनऔर सतत परिश्रम, लगन और ईमानदारी अति आवश्यक है। उन्होंने समारोह में प्रस्तुत किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में मंच संचालन अनिल कुमार शर्मा और निधि केरकेट्टा ने किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन रूना चौधरी ने प्रस्तुत की।





**सिटी इवेंट**

## रोजगार पर चल रही योजनाओं पर परिचर्चा, सुशासन का अर्थ और उद्देश्य भी समझा



**दुर्ग।** आईटीआई पुलगांव में विद्यार्थियों के लिए वाद-विवाद परिचर्चा का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर संस्था स्तरीय वाद विवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें संस्था के विभिन्न व्यवसायों के प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। सरकार द्वारा विगत एक वर्ष में समाज, युवाओं और शिक्षा के क्षेत्र में चलाई जा रही योजनाओं के विषय में चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ रत्ना शर्मा प्रशिक्षण अधिकारी द्वारा सरकार के विभिन्न प्रकार की उपलब्धियों के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी दी। मीना उइके द्वारा सुशासन का अर्थ एवं उदेश्य के विषय मे जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य अनिल कुमार टेम्भेकर ने सरकार के सुशासन के विषय पर अपनी बात रखी। इस कार्यक्रम में एए मंसूरी प्रभारी प्रशिक्षण अधीक्षक, एके श्रीवास्तव, निमिष दुबे, दुर्गा निषाद, ब्रजेश जांगडे, बी. कुमार, लुपेश कुमार कुर्रे, हेमलता वर्मा, विनिता जर्नादन, तारेश्वरी साहू, पुष्पा देवांगन, मीनाक्षी ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।




## भिलाई बुल्स ने जीता ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कन्फेडरेशन लीग

**भिलाई।** यूनियन बैंक ऑफिसर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ इकाई के तत्वावधान में आल ईंडिया बैंक अफिसरस कन्फेडरेशन क्रिकेट लीग-2024 का आयोजन किया गया। भिलाई बुल्स ने यह मुकाबला जीत लियाा। फ़ाइनल मैच भिलाई बुल्स और रायपुर स्ट्राइकर्स के मध्य खेला गया। इस मैच में भिलाई बुल्स ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग की, जिसमें रायपुर स्ट्राइकर्स ने 10 विकेट खोकर 89 रन बनाए। भिलाई बुल्स ने निर्धारित लक्ष्य 5 विकेट से जीत लिया। सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच सेक्टर 1 क्रिकेट मैदान में खेले गए। शनिवार को फाइनल मुकाबला हुआ। मैच देखने के लिए बीपी दास अंचल प्रमुख भोपाल महाप्रबंधक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया एवं अनुज कुमार क्षेत्र प्रमुख एवं उपमहाप्रबंधक रायपुर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया उपस्थित थे। उनके अलावा सेफी चेयरमैन नरेन्द्र बंछोर, परविंदर सिंग, कुंतल बघेल सहित अन्य मौजूद थे।

- बीएसपी खेल मैदान सेक्टर-1 में खेले गए सारे मैच




### दोनों सेमीफाइनल मैच एकतरफा रहे

प्रतियोगिता के दोनों सेमीफाइनल मैच एकतरफा रहे। प्रथम सेमीफाइनल मैच भिलाई बुल्स और बिलासपुर आरपा के मध्य खेला गया। मैच में भिलाई बुल्स ने 12 ओवर में 122 रन बनाए। बिलासपुर आरपा 102 रन पर आउट हो गई। दूसरा सेमीफाइनल मैच रायपुर स्ट्राइकर्स और ब्लैक पैंथर के बीच खेला गया। रायपुर स्ट्राइकर्स ने 131 रन बनाए। ब्लैक पैंथर्स 9 विकेट खोकर निर्धारित ओवरों में 86 रन ही बना सकी। सेमीफाइनल और फ़ाइनल मैच में अंपायर राधेश्याम, आनंद कलकर और लक्ष्मीपति थे। मैच में स्कोरर की भूमिका विनोद देवघरे थे। पिच क्यूरेटर आजाद अहमद थे।

## मैत्री कॉलेज में अहिल्याबाई पर संगोष्ठी 16 दिसंबर को



**भिलाई।** मैत्री कॉलेज रिसाली में 16 दिसम्बर को लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में मुख्य अतिथि प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, विशिष्ट अतिथि एनपी दीक्षित पूर्व कुलसचिव हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग और विशिष्ट वक्ता देश दीपक सिंह (सह-सचिव जम्मू कश्मीर अध्ययन केन्द्र, छत्तीसगढ़) रहेंगे। संगोष्ठी का उद्देश्य समाज में देवी अहिल्याबाई के योगदान को सम्मानित करना और लोकमाता के आदर्शों व उनके सिद्धातों से वर्तमान पीढ़ी को परिचित कराना है, जिससे समाज में शांति, एकता और प्रगति के लिए उनके विचारों को आगे बढ़ाया जा सके। इस अवसर पर दुर्ग-भिलाई के प्रमुख प्रबुद्धजन, साहित्यकार सहित अन्य मौजूद रहेंगे। वे अहिल्याबाई पर अपने विचार रखेंगे।

## गुरुघासीदास की 268वीं जयंती पर तीन दिवसीय आयोजन आज से



**भिलाई।** गुरु घासीदास सेवा समिति भिलाई नगर द्वारा गुरु घासीदास की 268 वीं जयंती पर तीन दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। 15 दिसम्बर को निःशुल्क चिकित्सा शिविर सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। खेलकूद प्रतियोगिता दोपहर 3 बजे से तथा सतनाम सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता शाम 6 बजे से आयोजित किया गया है। वहीं 17 दिसम्बर को सतनाम संदेश एवं शोभायात्रा प्रातः 10 बजे से निकाली जाएगी। सतनाम संदेश एवं शोभा यात्रा सतनाम भवन सेक्टर 06 से प्रारंभ होकर जे.पी. चौक, सुपेला पॉवर हाउस, मुर्गा चौक सेक्टर-1 सेक्टर-2, सेक्टर-5, घड़ी चौक, ग्लोब चौक सेक्टर-10 सेक्टर-6 मार्केट होते हुए सतनाम भवन पहुंचेगी। वहीं तृतीय दिवस 18 दिसम्बर को पवित्र गुरू गद्दी एवं गुरू बाबाजी की सामूहिक पूजा अर्चना प्रातः 10 बजे से की जाएगी। पवित्र जैतखाम की पूजा अर्चना एवं ध्वजारोहण के बाद सामूहिक गुरू आरती होगी। सतनाम भजन, पंथी नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से होगा। मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन शाम 5 बजे से होगा। इस दौरान सामाजिक बालक-बालिकाओं, महिला एवं पुरुषों द्वारा सतनाम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके बाद पुरस्कार वितरण होगा। यह जानकारी समिति के गरीब दास बंजारे ने दी।

**सिविल लाइन स्थित साई बाबा मंदिर में तीन दिवसीय आयोजन, प्रतिभागी हुए सम्मानित**

**कार्नर न्यूज**

# साई महोत्सव में महाप्रसादी ग्रहण करने उमड़े श्रद्धालु, देर शाम निकली शोभायात्रा, सामूहिक आरती के साथ उत्सव का समापन

**दुर्ग।** सिविल लाइन स्थित प्रसिद्ध श्री साई बाबा मंदिर के 48वें वार्षिक साई महोत्सव के अंतिम दिन शनिवार को मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दिनभर मंदिर में साई भजन की धूम मची रही। दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतारे लगी रहीं। दोपहर में महाप्रसादी (भंडारा) का आयोजन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों से श्रद्धालुओं ने हजारों की संख्या में शामिल होकर महाप्रसादी ग्रहण कर कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। प्रसाद ग्रहण करने पूर्व विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, अशोक राठी, भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये सहित अन्य मौजूद थे। शाम को श्री साई बाबा की महाआरती उपरांत श्री साई बाबा की भव्य शोभायात्रा (पालकी यात्रा) निकाली गई। यह शोभायात्रा बाजे गाजे के साथ साई मंदिर से शुरू होकर सिविललाइन, पद्मनाभपुर, मुक्तनगर, आदर्श नगर, कन्हैयापुरी चौक, आजाद चौक, कसारीडीह चौक पहुंची। शोभायात्रा का पूरे रास्ते भर श्रद्धालुओं द्वारा आतिशबाजी कर जगह-जगह स्वागत किया गया, वहीं कई श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा के स्वागत में अपने-अपने घरों के सामने दीपक जला रखे थे।



### घर-घर जलाए गए दीप, आतिशबाजी भी की गई

मंदिर समिति के अध्यक्ष समर्थ ने बताया कि उत्सव का यह 48वां वर्ष था। इस बार लोगों ने दीपावली की तरह उत्सव मनाया। घर-घर दीप जलाए गए। आतिशबाजी की गई। आसपास रहने वाले लोग हर दिन मंदिर पहुंचे। विधि-विधान से बाबा की पूजा-अर्चना की। आयोजन में बढ़-चढ़कर सहयोग किया। भंडारा के लिए दो दिन पहले ही तैयारी शुरू कर दी गई थी। 5 हजार से ज्यादा भक्तों ने बाबा के आशीर्वाद से प्रसाद ग्रहण किया। प्रतिवर्ष इस प्रकार का आयोजन मंदिर समिति द्वारा किया जा रहा है। आगे भी यह परंपरा जारी रहेगी।

### बाबा चरण पादुका पालकी ने किया नगर भ्रमण

शनिवार की शाम बाबा के चरण पादुका को नगर भ्रमण कराया गया। पालकी में लेकर भक्तों ने नगर भ्रमण कराया। पालकी यात्रा मंदिर से शुरू होकर गौरवपथ, सतरूपा शीतला मंदिर, पद्मनाभपुर, कसारीडीह होते हुए पुनः मंदिर में समाप्त हुई। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। मंदिर में श्री साई बाबा की सेज आरती उपरांत तीन दिवसीय महोत्सव का समापन हुआ। साई महोत्सव के अंतिम दिन महाप्रसादी वितरण एवं शोभायात्रा में समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, सचिव धनेंद्र सिंह चंदेल, उपाध्यक्ष धीरेंद्र शर्मा, शिवाकांत तिवारी, सह सचिव संतोष यद्दु, कोषाध्यक्ष सुजीत गुप्ता, प्रचार सचिव सुरेश साहू, अजय सुरपाम, कार्यकारिणी सदस्य अरविंद वोरा, कौशल किशोर सिंह, डॉ. सुधीर हिशिकर, संजय लाखे सहित अन्य मौजूद थे।



## सिटी इवेंट

# स्टॉल लगाकर बने बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट के विजेता



**भिलाई।** बीएसपी के एसएमएस 3 में सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत सुरक्षा स्टाल एवं बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपशिष्ट सामग्री से विभिन्न उपयोगी व सजावटी सामान बनाकर प्रदर्शित किया। जिसे निर्णायकों दवरा सराहा गया।

- **इस्पात गलन शाला 3 विभाग में सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत प्रदर्शनी आयोजित**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के देबदत्त सत्पथी उपस्थित थे। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने प्रदर्शनी में विभिन्न सुरक्षा उपकरणों का अवलोकन किया तथा कर्मचारियों एवं एसोसिएट्स द्वारा लगाए गए स्टॉल का उद्घाटन किया। राकेश कुमार ने अपने उद्बोधन में सुरक्षा की महत्ता पर बल देते हुए सुरक्षा सप्ताह में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने स्टॉल व बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं निर्णायकों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। विभागाध्यक्ष एवं मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अतिथियों का स्वागत किया एवं उन्हें एसएमएस 3 की टीम से परिचय कराया। इस अवसर पर आयोजित बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता के तहत प्रतिभागियों ने अपशिष्ट सामग्री से विभिन्न उपयोगी व सजावटी सामान बनाकर प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का संचालन इस्पात गलन शाला 3 से अर्चना अतिका सिंह द्वारा किया गया एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी पुष्पा एम्ब्रोस ने कार्यक्रम का संयोजन किया।



## सिटी इवेंट

# पर्यावरण संरक्षित करने दी जानकारी, क्विज का आयोजन



**भिलाई।** पर्यावरणीय जानकारी बढ़ाने, पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति संवेदनशील बनाने और इस्पात उत्पादन प्रक्रिया में होने वाले उत्सर्जन को नियंत्रित कर जागरूक करने के उद्देश्य से बीएसपी में प्रश्नोत्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया था। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा पर्यावरण जागरूकता माह के अंतर्गत पर्यावरण जागरूकता को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मटेरियल रिकवरी डिपार्टमेंट (एमआरडी) में विशेष पर्यावरण क्विज का आयोजन किया गया। यह क्विज पर्यावरणीय चेतना, इस्पात संयंत्र में कार्बन उत्सर्जन प्रबंधन तथा कार्बन फुटप्रिंट में कमी लाने के उपायों से जुड़े प्रश्नों पर केंद्रित थी।

- **पर्यावरण संरक्षित कर चुनौतियों के प्रति संवेदनशील बनाने एमआरडी विभाग द्वारा विविध आयोजन**

इस आयोजन से कार्मिकों में पर्यावरणीय जानकारी बढ़ाना, पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति संवेदनशील बनाना एवं इस्पात उत्पादन प्रक्रिया में होने वाले उत्सर्जन को नियंत्रित करने के प्रति जागरूक करना था। इसके साथ ही एमआरडी विभाग द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र के मक डंप क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस हरित पहल में फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड (एफएसएनएल) ने भी अपना सहयोग प्रदान किया। एफएसएनएल भिलाई यूनिट के प्रमुख सुबिकाश बिस्वास ने पौधरोपण के लिए उपयुक्त स्थान एवं पौधा उपलब्ध कराया। वृक्षारोपण कार्यक्रम मुख्य महाप्रबंधक एमआरडी सुशील कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। महाप्रबंधक अलोक माथुर एवं उप महाप्रबंधक रेजी उन्नूनी सहित एमआरडी एवं एफएसएनएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पौधरोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। क्विज का संचालन सहायक प्रबंधक एमआरडी कुलदीप सिंह तोमर एवं सहायक महाप्रबंधक अवनीश दुबे द्वारा किया गया। पर्यावरण जागरूकता माह के तहत आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण, कार्बन उत्सर्जन में कमी, तथा सतत विकास के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस पहल ने संगठन की हरित प्रतिबद्धता को और मजबूती प्रदान करते हुए सभी प्रतिभागियों के बीच पर्यावरणीय जागरूकता के नए मापदंड स्थापित किए हैं।

### अंतर विभागीय एथलेटिक्स पुरुष-महिला स्पर्धा 27 को

**भिलाई।** बीएसपी के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा अंतर विभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला 2024 का आयोजन 27 दिसम्बर की सुबह 7.30 बजे से शाम 6 बजे तक सेल एथलेटिक्स अकादमी ग्राउंड, बोकारो हॉस्टल, सेक्टर 4 भिलाई में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र के सभी नियमित एवं प्रशिक्षणार्थी व कर्मचारी भाग ले सकते हैं। पुरूष वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 2000 मीटर पैदल चाल, लंबी कूद, जेवलीन थ्रो तथा शॉटपुट का आयोजन किया जाएगा। महिला वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर पैदल चाल, लंबी कूद, जेवलीन थ्रो (600 ग्राम) तथा शॉटपुट (4 कि. ग्रा.) का आयोजन किया जाएगा। एक प्रतिभागी किसी भी दो इवेन्ट में भाग ले सकते है। प्रत्येक इवेन्ट के लिए कम से कम 4 प्रतिभागी का होना अनिवार्य है। किसी में प्रतियोगिता में संबंधित इवेन्ट के 4 से कम संख्या में प्रतिभागी होने पर स्वमेव निरस्त माना जाएगा।

## स्वयंसिद्धा स्मारिका प्रत्यावर्तन 2024 का हुआ विमोचन

# मैं रहूं ना रहूं देश रहना चाहिए, नृत्य नाटिका से दिया देशभक्ति का संदेश, बताया मां की शक्ति से बड़ी कोई नहीं

**भिलाई।** मैं रहूं ना रहूं देश रहना चाहिए, नृत्य नाटिका प्रस्तुति से स्वयंसिद्धा की महिलाओं ने देशभक्ति का संदेश दिया और बताया कि मां की शक्ति से बड़ी इस पृथ्वी पर कोई शक्ति नहीं है। लाइट एंड सांउड शो के द्वारा महिलाओं ने संदेशपरक नाट्य की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में समाज की विसंगतियों के साथ आने वाले सकारात्मक समय को दर्शा रही थी। स्वयंसिद्धा एवं ऑफिसर्स एसोसिएशन भिलाई के संयुक्त तत्वाधान में प्रगति भवन सिविक सेंटर में स्वयंसिद्धा ए मिशन विद ए विजन समूह की पहली स्मारिका प्रत्यावर्तन 2024 विमोचन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि नगर निगम रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. परदेशी राम वर्मा, ऑफिसर एसोसिएशन महासचिव परविंदर सिंह, डॉ. सुधीर शर्मा, डॉ. रजनी नेल्सन, पार्षद धर्मेंद्र भगत, अमिताभ भट्टाचार्य और मदन सेन उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर की गई। शीला प्रकाश ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। समूह की सीमा कन्नौजे एवं रीता वैष्णव ने सालाना रिपोर्ट प्रस्तुत किया।



### स्वस्तिका समूह को मिला बेस्ट समूह का रनिंग शील्ड

डॉ सोनाली ने बताया कि स्वयंसिद्धा को चार समूह में बांटा गया है। जिसमें अपराजिता, विश्वरूपा, तेजस्विनी, स्वस्तिका एवं जागृति। प्रत्येक समूह वर्ष भर अपनी अनेक गतिविधियों से सभी महिलाओं को आत्मविश्वास से परिपूर्ण बनाने का कार्य लगातार करते हैं। वर्ष 2024 के बेस्ट समूह का रनिंग शील्ड स्वस्तिका समूह को प्रदान किया गया। इस दौरान विश्वरूपा समूह द्वारा नारी शक्ति के नृत्य नाटिका का प्रस्तुती रूमा डे के निर्देशन में और तेजस्विनी समूह द्वारा नुक्कड़ नाटक संगीता जायसवाल के निर्देशन में प्रस्तुत किया गया। जिसमें रत्ना दुफारे, देबजानी मजुमदार, रेणु पांडे, अर्चना सेनगुप्ता, रुखसाना शेख, शीला प्रकाश, वंदना नाडमवार, राजश्री नायर, ममता बिसवाल, सरोज तहेंगुरिया व सुशीला साहू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नीरा लखेरा ने बेख़ौफ़ जीना है मुझे थीम पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। ममता बिस्वाल, वैशाली संतोष,सुशीला साहू व बिंदु नायक ने बेहतरीन नृत्य की प्रस्तुति दी। संगीता जायसवाल, सोमाली शर्मा एवं डॉ.नीता तिवारी ने स्वरचित कविताएं प्रस्तुत की। वीणा द्विवेदी पांडे ने ढोलक की थापों के साथ पारंपरिक लोकगीत प्रस्तुत कर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। संस्था की संस्थापक डॉ.सोनाली चक्रवर्ती ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए गत 20 वर्षों की कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान कुदसिया अली, उमा उपाध्याय, रीमा देब, सुदेशना वर्धन, सुधा चंद्रन, डॉ. मिता डे, पुनीता कौशल, प्रिया तिवारी, प्रोमिला खन्ना, अनीता चक्रवर्ती सहित सभी सदस्याएं उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त टीम मैनेजर संदीप चक्रवर्ती ने किया।

### महिलाएं आधी नहीं, अपितु पूरी दुनिया है

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोनिका वर्मा ने कहा कि लोग अपनी बेटियों की शिक्षा पर यदि ध्यान दें तो इस देश में नारी सम्मान और स्त्रियों के प्रति माहौल निश्चित रूप से बदलेगा। स्वयंसिद्धा विवाहित महिलाओं का ऐसा समूह है जो दूसरों को सम्मान देते हुए उनको बेहतर जीवन के लिए मदद कर रही है। डॉ.परदेशी राम वर्मा और विजय ने कहा कि संगठित होकर कार्य करना महत्वपूर्ण है। महिलाएं संगठित होकर समाज को नई दिशा दे सकती है। समूह की गतिविधियों से पता चलता है कि वह महिलाओं की पुरातन पारंपरिक नकारात्मक छवि की केंचुली को उतार कर बहुआयामी गतिविधियों द्वारा सिद्ध कर रही है कि वह आधी नहीं अपितु पूरी दुनिया है। डॉ.सुधीर शर्मा ने कहा कि समूह की महिलाएं वह सैकड़ो ऐसी मातृ शक्तियों की आवाज है जो होम मेकर है। सामाजिक और सांस्कृतिक सरोकारों और मानव प्रेम का यह पुनीत अभियान हमेशा जारी रहना चाहिए। परविंदर सिंह ने कहा कि ऑफिसर्स एसोसिएशन लगातार प्रयास कर रहा है कि बीएसपी के हर एक कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी निरंतर बढ़ती रहे।



## सम्मान...

# बिना तैयारी के तात्कालिक भाषण में प्रतिभागियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**भिलाई।** फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड द्वारा नराकास स्तरीय तात्कालिक हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन निगमन कार्यालय, भिलाई के मिनी ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्मिक एवं प्रशासन महाप्रबंधक पंकज त्यागी और राजभाषा प्रभारी सौमिक डे, रमेश चंद्र द्विवेदी हिंदी विभागाध्यक्ष दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग और आशा साहू, सहायक प्राध्यापक भिलाई महिला महाविद्यालय, छगन लाल नागवंशी राजभाषा अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत बीपी अनंत, सुब्रत मुखर्जी, प्रभाकर सिंह ठाकुर दवरा फूलों के रंगीन पौधे प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया।

### प्रतिभागियों को दी जानकारी

अतिथियों द्वारा कार्यक्रम की विधिवत कर अपने उद्बोधन में पंकज त्यागी ने कहा कि तात्कालिक भाषण वह भाषण है, जिसे प्रतिभागी को बिना किसी पूर्व निर्धारण या तैयारी के प्रस्तुत करना होता है। वक्ता को आमतौर पर विषय के उद्धरण के रूप में प्रदत्त किया जाता है लेकिन विषय को कहावत, एक-शब्द सार या कई वैकल्पिक संभावनाओं में से एक के रूप में भी प्रस्तुत किया जा सकता है। सौमिक डे ने कहा कि तात्कालिक भाषण में प्रारंभिक और अनंतिम वाक्य को लिख लें, अपने पास मौजूद कुछ पलों का प्रयोग मिले हुए विषय पर दिमाग लगाने में लगाए और अपने मुख्य बिंदुओं को तैयार करने में करे। तात्कालिक भाषण में मानसिक रूप से तैयार होना भी बहुत ही आवश्यक है।

विशेष अतिथि एवं निर्णायक रमेश चंद्र द्विवेदी और आशा साहू ने भी तात्कालिक भाषण प्रस्तुत करने की जानकारी प्रतिभागियों को विस्तार से दी। राजभाषा अधिकारी छगन लाल नागवंशी ने नराकास सदस्य संस्थानों के प्रतिभागियों को राजभाषा संवैधानिक प्रावधानों और अपने-अपने संस्थान में राजभाषा हिंदी में कैसे कार्य किया जाए की जानकारी प्रदान की।

फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड द्वारा आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग स्तरीय तात्कालिक हिंदी भाषण प्रतियोगिता के प्रथम सौरभ मिश्रा भारतीय डाक विभाग, द्वितीय कामिनी मिश्रा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, तृतीय मंजू मौर्य भिलाई इस्पात संयंत्र और संजय कुमार, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, शीलमणी इवा बाखला, अजय तामुरिया मनीष-भिलाई इस्पात संयंत्र और विनय कुमार चन्द्राकर बैंक ऑफ बडौदा को सांत्वना पुरस्कार से अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के राजभाषा अधिकारी छगन लाल नागवंशी ने किया।

## आध्यात्मिक प्रवचन

# ईश्वर की शरणागति का सिद्धांत हर धर्म मानता है:धामेश्वरी देवी



**भिलाई।** जगद्गुरु कृपालु महाराज की प्रचारिका धामेश्वरी देवी द्वारा दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के पांचवे दिन वेद और शास्त्रों को प्रमाण सहित बताया गया। रिसाली सेक्टर के बड़ा दशहरा मैदान में आयोजित आध्यात्मिक प्रवचन के दौरान देवी ने बताया कि भगवान कृपा सभी के ऊपर करना चाहते हैं। किन्तु भगवान की कृपा का भी एक कानून है। जो भी शर्त पूरा करेगा वह उसी पर कृपा करेंगें और वह शर्त है शरणागति।

शरणागति का सिद्धांत है उसे हर धर्म मानता है। लेकिन शरणागति का मतलब यह न समझे कि भगवान कोई मूल्य ले रहे हैं। फिर लोगो को भी यह लगेगा कि हमने चारों धाम किया, हमने भजन सुने, माला फेरी तो इससे लोगों का अंहकार बढ़ेगा। इसलिए भगवान ने गीता में शरणागति का अर्थ बताया अर्थात कुछ न करना। कुछ न करना का मतलब कर्तापन का अभिमान त्याग देना, कि मैं शरणागत हूं। दूसरी बात यह है कि शरणागति मन को करनी होगी। हम सभी इन्द्रियों से भगवान शरणागति करते हैं जैसे हाथो से माला फेरना, वाणी से पाठ करना, पैरों से तीर्थो आदि में जाना। इंद्रियों की भक्ति भगवान नोट नहीं करते। भगवान की मन भक्ति या मन की शरणागति नोट करते है इसलिये वह अकारण करूण है। जहां मन का प्रश्न आता है तो लोग बहाना बनाते हैं कि हमारा मन भगवान में नहीं लगता। मन की शरणागति पर इसलिये जोर दिया कि मन बंधन का कारण है और मोक्ष का भी कारण है।

यह मन अनादिकाल से संसार में आसक्त है और जब तक यह संसार में आसक्त है तो भगवान में लग ही नहीं सकता। तदर्थ मन को संसार से विरक्त करना होगा, यदि हम मन को संसार से विरक्त नहीं करेंगें तो केवल इंद्रियों से ही भगवान की भक्ति करेंगें और इंद्रियों की भक्ति भक्ति नहीं है। मन भगवान में तभी लगेगा जब संसार से विरक्त हो जाए और संसार से विरक्त तब तक नहीं हो सकता जब तक संसार का वास्तविक स्वरूप न समझ लें। तो संसार का वास्तविक स्वरूप क्या है यह देवी आज बताया जाएगा। दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन 20 दिसम्बर तक रोज शाम 6 से रात 8 बजे तक किया जा रहा है।

## सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई द्वारा अंतर-विद्यालय क्विज़ प्रतियोगिता

# करंट अफेयर्स, भूगोल, स्पोर्ट्स व विज्ञान के पूछे प्रश्न, विजेता हुए पुरस्कृत, विद्यार्थियों में उत्साह



कार्नर न्यूज

**भिलाई।** विद्यार्थियों में समसामयिक ज्ञान और कौशल का आंकलन करने के उद्देश्य से सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई में पिनेकल क्विज़ प्रतिष्ठित मार थियोडोसियस मेमोरियल अंतर-विद्यालय क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें विभिन्न विषयों के करंट अफेयर्स, भूगोल, स्पोर्ट्स, विज्ञान के प्रश्न पूछे गए। विभिन्न विद्यालयों से आये विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर पिनेकल क्विज में भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएसपी ईडी (एचआर) पवन कुमार उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए अलग-अलग विषय पर ऊर्जावान प्रश्न पूछे जिसका प्रतिभागियों ने बड़े ही उत्साह के साथ प्रश्नों के उत्तर दिया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।



### छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक

महाविद्यालय के प्रशासक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा की कॉलेज में पाठ्येतर गतिविधियां भी आयोजित की जाती हैं, जो छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। ये गतिविधियां पढ़ाई के अलावा अन्य कौशल-आधारित कार्यक्रमों के रूप में आयोजित की जाती हैं। इसका उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क और आत्मविश्वास को विकसित करना होता है। कार्यक्रम का आयोजन क्विज मास्टर एसपीएस जग्गी एवं जैकब कुरियन द्वारा किया गया। क्विज मास्टर द्वारा सात राउंड में विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए जो करंट अफेयर्स, भूगोल, स्पोर्ट्स, विज्ञान आदि से संबंधित थे। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ सुसन आर अब्राहम थी। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ शाइनी मेंडोंस द्वारा किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका विभागाध्यक्ष डॉ सुसन आर अब्राहम ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में टेक्नीशियन कार्य माइकल फर्नांडीज एवं बेनी पॉल ने किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालय से आये शिक्षक, प्रतिभागी, महाविद्यालय के प्राध्यापक तथा कॉलेज के छात्र-छात्राएं काफी संख्या में उपस्थित थे।

### विजेताओं को किया गया पुरस्कृत



क्विज प्रतियोगिता में विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर एसएसवी सेक्टर 10 विद्यालय के छात्र पार्थ एवं ऋषभ, द्वितीय शिमोन एवं धनंजय और तृतीय स्थान पर आयुषी एवं नितेश रहे। जिन्हें प्रथम पुरस्कार 10,000 रु, द्वितीय पुरस्कार 6,000 रु और तृतीय 4000 रु का चेक और सर्टिफिकेट के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सेंट थॉमस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ऐम जी रोईमोन ने उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करत हुए कहा कि महाविद्यालय अकादमिक गतिविधियों के साथ-साथ अन्य गतिविधियो में भी हमेशा आगे रहा है और यह भी कहा की यह कार्यक्रम छात्रों के समसामयिक ज्ञान और कौशल का आंकलन करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है, जिससे उनका बौद्धिक विकास हो सके।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में शामिल हो रहे राज्य के खिलाड़ी



**रायपुर।** 43 वीं सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 15 दिसंबर से 21 दिसंबर टाटानगर झारखंड में आयोजित होने जा रही है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 24 तीरंदाज 6 कोच मैनेजर सहित 30 प्रतिनिधियों की टीम भाग ले रही है। छत्तीसगढ़ के मेडल प्राप्त खिलाड़ी भी खेल रहे इस प्रतियोगिता में विजयी तीरंदाज आने वाले उत्तराखंड नेशनल गेम में चयन होने पर खेलेंगे। इस प्रतियोगिता में रिकर्व और कंपाउंड वर्ग के तीरंदाज मेडल लाने पर प्रत्येक तीरंदाज को कैश प्राइज के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 25000 का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता में शीर्ष में आने वाली आठ टीम उत्तराखंड नेशनल गेम में खेलेगी। छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के महामंत्री आयुष मुरारका ने आशा व्यक्त की है कि राज्य के तीरंदाज इस प्रतियोगिता में इंडियन वर्ग में तो मेडल लेंगे ही हम इस वर्ष रिकवर और कंपाउंड में उत्तराखंड नेशनल गेम में मेडल लाने के लिए उतरेंगे।

### सीनियर वूमेंस क्रिकेट में यीशा की शानदार पारी

रायपुर। बी सी सी आई द्वारा सीनियर वुमेंस वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का आयोजन 04 दिसंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पांचवा मैच शनिवार को चंडीगढ में मध्यप्रदेश टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 48.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 121 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से यीशा भारती देवांगन ने सर्वाधिक 49 रन बनाये। उनके अतिरिक्त सलोनी डंगोरे ने 23 तथा महक नरवसे ने 20 रन बनाये। मध्यप्रदेश टीम की ओर से क्रांति गौड़ तथा अनुष्का शर्मा ने 3-3 विकेट तथा अनादि तगडे ने 2 विकेट प्राप्त किया। 122 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मध्य प्रदेश की टीम ने 26.5 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 122 रन बनाकर मैच जीत लिए। मध्यप्रदेश की जिंसी जार्ज ने 47 रन, सौम्या तिवारी ने 25 रन नाबाद तथा राहिला ने 21 नाबाद रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से महक नरवरे ने 2 विकेट प्राप्त किये। मध्यप्रदेश ने मैच 7 विकेट से जीत लिया।



### नेशनल शूटिंग के लिए आज से होगा ट्रायल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राइफल एसोसिएशन द्वारा 67वीं नेशनल चैंपियनशिप के लिए शूटर्स का ट्रायल सेशन 15 से 18 दिसंबर तक माना स्थित शूटिंग रेंज में आयोजित किया जा रहा है। इस सेशन में छत्तीसगढ़ के प्रतिभाशाली शूटर्स अपनी योग्यता साबित करेंगे। ट्रायल के दौरान शूटर्स के स्कोर के आधार पर टीम का चयन किया जाएगा, जो दिल्ली और भोपाल में होने वाली नेशनल चैंपियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह ट्रायल सेशन नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत आयोजित किया जा रहा है। हर साल इसी प्रकार चुनी गई टीम की सूची एसोसिएशन को भेजी जाती है। इस चार दिवसीय ट्रायल का उद्देश्य न केवल शूटर्स को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर प्रदान करना है, बल्कि उन्हें अपने प्रदर्शन को निखारने और प्रतियोगिता की बारीकियां सीखने का भी मौका देना है। छत्तीसगढ़ राइफल एसोसिएशन के इस प्रयास से राज्य के शूटर्स को अपने स्किल्स को सुधारने और नेशनल चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी। शूटिंग के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के प्रतिभागियों को यह ट्रायल एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगा, जिससे राज्य की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत होगी।

### अखिल भारतीय स्पर्धा में यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करेगी रूपाली

**रायपुर।** लख्मीचंद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी बिलासपुर की रुपाली साहू ने इंटर जोन योगासन ट्रायल प्रतियोगिता मे योगा रीदमिक मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है। एलसीआइटी की योगा खिलाड़ी रुपाली साहू आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी के लिए विश्वविद्यालय की टीम मे चयनित हुयी है। इनके चयन पर संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन, उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन ने हर्ष जताया।



बदलती जीवनशैली के चलते बढ़ा हुआ पेट बन रहा शर्मिंदगी की वजह

# अपने खान-पान में बदलाव लाकर छुटकारा पाइए समस्याओं से, कम हो जाएगा आपका बढ़ा पेट

क्या आप भी अपने बढ़े हुए पेट से शर्मिंदा हैं और जल्द से जल्द फैट को बर्न करना चाहती हैं? आपका पेट अगर कम नहीं हो रहा है, तो आपको अपनी आदतों में 5 बदलाव करने होंगे। आइए एक्सपर्ट से जानें बेली फैट कम करने के लिए आपको क्या करना चाहिए।

ज्यादा लंबे समय तक बैठे रहने से हमारे शरीर में फैट चढ़ता रहता है। इसके साथ ही तमाम बीमारियां भी हमें घेर लेती हैं। आप कितनी ही कोशिश कर लें, लेकिन घर और ऑफिस के काम के बीच अपने लिए समय निकालना मुश्किल हो जाता है। हर किसी के लिए जिम जाकर पसीना बहाना भी मुमकिन नहीं हो पाता। खाना खाने का समय मिन नहीं पाता है और फिर भूख लगने पर हम जो हाई कार्ब्स डाइट लेते हैं, यह जब उसी का नतीजा है।

घर पर बनाने से ज्यादा हम प्रोसेस्ड फूड पर जिंदा रहते हैं और इसी को अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। इस तरह की जीवनशैली वजन बढ़ाने और फैट चढ़ाने में बड़ा रोल निभाती है। मगर क्या आपको पता है कि अपनी खाने-पीने की आदतों में बस 5 बदलाव करने से आपको कितना फायदा मिल सकता है? आपका फैट जल्दी बर्न होगा और आप एक फिट और स्फूर्ति वाला शरीर पा सकेंगी। जानी-मानी न्यूट्रिशनिस्ट शिखा गुप्ता ने उन 5 बदलावों का जिक्र अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में किया है। आइए एक्सपर्ट से जानें कि आप अपनी हेल्थ को कैसे सुधार सकती हैं और वजन को कम करने के लिए क्या कर सकती हैं।



### किन कारणों से बेली फैट होता है जमा?

डॉ. गुप्ता कहती हैं, ₹पेट की चर्बी पुरुषों और महिलाओं दोनों में हाई इंसुलिन, कोर्टिसोल और एस्ट्रोजन के कारण अधिक होती है। इसके कारण हैं, शराब, हाई कार्ब का सेवन, आपकी सुस्त जीवन शैली और प्रोसेस्ड फूड्स का अधिक सेवन।₹



वह आगे बताती हैं कि इंसुलिन प्रतिरोध जैसे मामलों में, इंसुलिन अधिक होता है लेकिन सेल्स ब्लड से अच्छा ग्लूकोज प्राप्त करने के लिए भूखी रहती हैं क्योंकि सेल्स इंसुलिन को पहचान नहीं पाते। दूसरा हार्मोन, ग्लूकागन, यह सोचकर रिलीज होता है कि ग्लूकोज काफी कम है और सेल्स को पोषण देने के लिए ब्लड में ग्लूकोज छोड़ने के लिए ग्लाइकोजन स्टोर्स पर दबाव डालता है। ब्लड में बहुत अधिक ग्लूकोज होने और शरीर द्वारा ऊर्जा के लिए उपयोग नहीं किए जाने के कारण, अतिरिक्त ग्लूकोज पेट में आंत के फैट के रूप में जमा हो जाता है। कोर्टिसोल (तनाव हार्मोन) के साथ भी यही मामला है, जब यह हाई होता है, तो यह ग्लूकागन द्वारा ग्लूकोज रिलीज को फोर्स करता है और पेट पर फैट बढ़ाता है। ज्यादा बॉडी फैट, शराब, अनहेल्दी फूड खाने और अतिरिक्त कार्ब्स लेने से फैट बढ़ता है और उसे जलाना भी मुश्किल होता है। हालांकि, इसके लिए खाने-पीने की आदतों में कुछ बदलाव आपको एक हेल्दी लाइफस्टाइल की तरफ ले जा सकते हैं।

### सबसे पहले करें लिवर की सफाई

बीयर या पॉट बेली का मतलब है कि सारा फैट आपके पेट में जमा हो रहा है। यह लिवर का काम करना सुस्त कर देता है। जब लिवर जाम हो जाता है, तो पेट में बहुत सारा पानी जमा हो जाता है। इसलिए आपको सबसे पहले लिवर डिटॉक्स करने की आवश्यकता है। इसके लिए अपने आहार में मीडियम प्रोटीन और फैट लें, ज्यादा नहीं। अगर आप कार्ब्स का सेवन बहुत ज्यादा कर रहे हैं, तो उसे कम करें। इसके साथ ही आहार में सब्जियों को ज्याद शामिल करें। इससे पेट की चर्बी जलाने में मदद मिलेगी और आपको काफी सुधार भी दिखेगा।

### मीडियम प्रोटीन और फैट जैसे आहार लें

जब आपके लिवर की सफाई होती है, तो उसे अच्छे से काम करने में मदद मिलेगी। यह प्रक्रिया आपके इंसुलिन रेजिस्टेंस पर भी काम करती है। इसके लिए अपने आहार में घी, नारियल, जैतून, एवोकाडो और ऑर्गेनिक डेयरी शामिल करें। एवोकाडो की एक सर्विंग में केवल 114 कैलोरी होती है



## चलने के तरीके से खुल सकते हैं आपके व्यक्तित्व के कई राज

किसी भी व्यक्ति की पर्सनैलिटी कई बातों पर निर्भर करती है और आपके बारे में बहुत कुछ बता सकती है। आपके उठने-बैठने और चलने के तरीके से भी आपके स्वभाव का अंदाजा लगाया जा सकता है।किसी व्यक्ति के चलने का तरीका वास्तव में उसके व्यक्तित्व और आचरण के बारे में बारे में बहुत कुछ बयां कर सकता है। आपका तेजी से दौड़ना, धीरे चलना या फिर चलते हुए अचानक से रुक जाना इस बात पर निर्भर करता है कि आप स्वभाव से कैसे हैं और आपके भीतर कौन से गुण और अवगुण मौजूद हैं। क्या आप जानते हैं कि चलने की विभिन्न शैलियां किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व के बारे में क्या बता सकती हैं। अगर नहीं तो हम आपको इस लेख में इसके बारे में विस्तार से बताने जा रहे हैं। दरअसल यह कहा जा सकता है कि आपके शरीर का हर एक हिस्सा आपके व्यक्तित्व के बारे में कुछ न कुछ बताता है और आपके जीवन में क्या परिवर्तन हो सकते हैं इसकी जानकारी भी देता है। अगर आप भी इसके बारे में विस्तार से जानना चाहते हैं कि कैसे आपका चलने का तरीका आपकी पर्सनैलिटी के बारे में बता सकता है तो यहां इसके बारे में ज्योतिषाचार्य डॉ आरती दहिया से विस्तार से जानें इसके बारे में।

### हमेशा तेज चलने वालों का व्यक्तित्व



अगर आप उन लोगों में से हैं जो हमेशा तेजी से चलते हैं तो आप बहुत अधिक मिलनसार, व्यवस्थित और अपने निर्णय को सबसे ऊपर रखने वालों में से एक हैं। आपके भीतर कर्तव्यनिष्ठ होने की खूबी है और नए अनुभवों के प्रति ग्रहणशील होने की अधिक संभावना हो सकती है। ज्योतिष की मानें तो हमेशा तेज गति से चलने वाले लोग जोखिम लेने वाले और आगे बढ़ने वाले होते हैं। वे स्वतंत्र रूप से कार्य करने के लिए सामान्य से अधिक इच्छुक रहते हैं। ये लोग परेशानी मुक्त जीवन जीने के प्रति दृढ़ होते हैं। इस तरह चलने की शैली ऊर्जा के त्वरित उछाल और विस्तार पर अत्यधिक ध्यान देने से जुड़ी होती है जो उन्हें दूसरों से थोड़ा अलग बनाती है।

### हमेशा धीमी गति से चलने वालों का व्यक्तित्व

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यदि आपकी अक्सर धीमी गति से चलते हैं तो आप एक समझदार व्यक्ति हैं और आप हमेशा फूंक-फूंक कर कदम रखते हैं। आप किसी भी परेशानी के प्रति ज्यादा सतर्क हैं और समस्याओं से घबराने के बजाय उसका हल ढूंढने पर भरोसा करते हैं। आप आमतौर पर अपने धीमे और छोटे कदमों से इस बात की तरफ इशारा करते हैं कि आप अंतर्मुखी हैं। धीमी गति से चलने वाले लोगों का स्वभाव अधिक आत्म-केंद्रित और स्वयं के प्रति चिंतित होता है। ऐसा देखा गया है कि धीमी गति से चलने वाले लोग खुद पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करते हैं। इस तरह की चाल वाले लोग हमेशा अकेले में खुश रहने वाले होते हैं और वो बहुत ज्यादा सुर्ख़ियों में बने रहना पसंद नहीं करते हैं।

### आराम से टहलने की गति में चलने वाले लोग

अगर आप उनमें से हैं जो अक्सर टहलने वाली गति से चलना पसंद करते हैं तो आप अपनी शर्तों पर और अपनी गति से जीवन का अनुभव करना पसंद करते हैं। आप जिस स्थान पर होते हैं वहीं ढल जाते हैं और कहीं बाहर निकलने की जल्दबाजी नहीं करते हैं।



## देहली खालसा वॉरियर्स व चंडीगढ़ सिंग्स के बीच आज होगा फाइनल

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के डब्ल्यूआरएस क्रिकेट ग्राउंड में जारी 16 वीं सिख लीग प्रीमियर क्रिकेट टूर्नामेंट अब अपने अंतिम दौर में है। फाइनल मैच 15 दिसंबर रविवार को सुबह 11 बजे से देहली खालसा वॉरियर्स व चंडीगढ़ सिंग्स के बीच खेला जाएगा। इसके मुख्य अतिथि समाजसेवी बलदेव सिंह भाटिया होंगे। शनिवार को टूर्नामेंट में दो सेमीफाइनल मैच खेले गए। पहला मैच देहली खालसा वॉरियर्स व शहीद भाई

- 16 वीं सिख लीग प्रीमियर क्रिकेट टूर्नामेंट में जमकर लगे चौके-छक्के

तारु सिंह फाउंडेशन के बीच खेला गया जिसमें देहली खालसा वॉरियर्स ने 15 रनों से जीत दर्ज की। इमप्रीत ने शानदार 65 रन (50 गेंद) की नाट आउट पारी खेली। इसलिए मैन ऑफ द मैच चुने गए। दूसरा मैच काफी रोमांचक रहा जब सिमरन रॉयल किंग्स के बनाए गए 147 रन का स्कोर पार करने में चंडीगढ़ सिंग्स को आखिरी गेंद तक खेलना पड़ा तब कहीं जाकर वे 3 विकेट से जीत कर फाइनलिस्ट बन पाये। इसी टीम के मैन ऑफ द मैच जोबनप्रीत सिंह रहे।

पहले सेमीफाइनल में देहली खालसा वॉरियर्स ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 152 रन बनाये। हालांकि दोनों ओपनर बल्लेबाज 0-0 रन बनाकर आउट हो गए तो टीम संकट में आ गई लेकिन लेकिन इसके बाद दिलजोत 28 रन व इमप्रीत 65 रन ने टीम को संभाल लिया. इसके बाद जसकरण वीर ने 14 गेंद में 22 रन का बहुमूल्य योगदान देकर अपनी टीम के स्कोर को 153 रन तक पहुंचाने में सफल रहे। शहीद भाई तारु सिंह फाउंडेशन की ओर से रणदीप ने 25 रन देकर 3 व सनप्रीत ने 27 रन देकर 2 विकेट लिए। इसके बाद खेलने उतरी शहीद भाई तारु सिंह फाउंडेशन की टीम ने शुरुआत तो अच्छी की लेकिन मध्यमक्रम के बल्लेबाज लडखड़ा गए। पहले के तीन बल्लेबाज राजबीर ने 12, मनदीप ने 22 व सनप्रीत ने 37 रन बनाकर मजबूत शुरुआत दी। लेकिन बाद के तीन बल्लेबाज सस्ते में चलता हो गए। विरेन्द्र सिंह ने फिर से 15 गेंद में 29 रन बनाकर पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन आखिरी के बल्लेबाज साथ भी नहीं दे पाये और तब तक निर्धारित 20 ओवर भी पूरे हो गए। आखिरकार 8 विकेट खोकर वे 137 रन ही बना पाये और टूर्नामेंट से बाहर हो गए। इंदरप्रीत, शहबाज गिल व प्रभजोत सिंह को 2-2 विकेट मिले। देहली खालसा वॉरियर्स को मैन ऑफ मैच चुना गया। इस मैच के अतिथि नमित जैन, जीएस बाम्बरा, मनमोहन सिंह चावला और सोनू सलूजा थे ।

दूसरे सेमीफाइनल मैच में पहले बैटिंग करते हुए सिमरन रॉयल किंग्स नागपुर की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 147 रन बनाए जिसमें ओपनर बावेजा जगदीप के शानदार 60 रन (56 गेंद) रहे। हनी ने 18 व कैफी ने 19 रन बनाये। इस स्कोर में 17 रन अतिरिक्त भी शामिल है। चंडीगढ़ की ओर से जोबनप्रीत व हरप्रीत ने 2-2 विकेट लिए। चंडीगढ़ सिंग्स के पूर्व प्रदर्शन को देखते हुए लग रहा था कि मैच आसानी से जीत लेंगे लेकिन आखिरी गेंद पर जाकर उन्हे जीत मिल पायी।




## सर्दियों के मौसम में तैयार करके रखें तिल-गुड़ के लड्डू

सर्दियों का मौसम में आप कुछ अलग बननी चाहती हैं तो तिल गुड़ के लड्डू एक बेहतर विकल्प हैं। इसके सेवन से शरीर में गर्माहट तो रहती ही है, साथ ही में इससे इम्यूनिटी भी बूस्ट होती है। आज के लेख में हम आपको इसे बनाने का सही तरीका बताने जा रहे हैं।

**तिल को भूनें:** लड्डू बनाना के लिए सबसे पहले एक पैन में तिल डालें और मध्यम आंच पर सुनहरा भून लें। यह करीब 5-7 मिनट में हो जाएगा। तिल भूनने के बाद इसे एक अलग बर्तन में रख लें।

**गुड़ को पिघलाएं:** इसके बाद उसी कढ़ाई में गुड़ को मध्यम आंच पर घी के साथ मिलाएं।



गुड़ को हल्का सा पिघलने दें। इसे लगातार चलाते भी रहें, वरना ये नीचे लग जाएगा।

**सभी सामग्री मिलाएं:** जब गुड़ पिघल जाए तो इसे हल्का ठंडा होने दें और फिर इसमें तिल, इलायची पाउडर और घिसा हुआ नारियल डालें। आखिर में इसे अच्छी तरह से मिलाएं।

**अब बनाएं लड्डू:** सभी चीजों को सही से मिलाने के बाद इस मिश्रण से छोटे-छोटे गोले बनाएं और उन्हें हाथों से ही लड्डू की शेप दें। अब आपके लड्डू तैयार हैं, इसे आप स्टोर करके रख सकती हैं।

कार्नर न्यूज

परिवार जैसा माहौल बना सकते हैं अपने दफ्तर में भी

# फेस्टिवल पर छुट्टी नहीं मिल रही तो अपने दफ्तर में भी सेलिब्रेट कर सकते हैं खुशियां

कई दफ्तरों में क्रिसमस की छुट्टी नहीं होती और उन्हें साल के इस आखिरी पर्व पर भी कार्य करने दफ्तर जाना होता है। ऐसे में दफ्तर में सहकर्मियों के साथ क्रिसमस सेलिब्रेट कर सकते हैं। दफ्तर में क्रिसमस मनाने के लिए आप कई रोचक और मजेदार गतिविधियों का आयोजन कर सकते हैं, जिससे सभी सहकर्मी एक साथ त्योहार की खुशियों का आनंद ले सकें। इसके लिए सबसे पहले दफ्तर में क्रिसमस की खास सजावट करें। अपना केबिन, मीटिंग रूम या डेस्क सजा सकते हैं। रिफ्रेशमेंट या लंच की व्यवस्था होनी चाहिए। दफ्तर में ही क्रिसमस ट्री सजाया जा सकता है। गीत-संगीत का इंतजाम हो। थीम पार्टी या थीम आउटफिट का चयन करें और कुछ मजेदार क्रिसमस गेम्स खेलें। गेम से दफ्तर का माहौल हल्का-फुल्का मस्ती भरा हो जाएगा। खेल से टीम बॉन्डिंग भी बढ़ेगी। आइए जानते हैं कि दफ्तर में क्रिसमस के मौके पर किस तरह के गेम खेल सकते हैं।



### डेस्क डेकोरेशन चैलेंज

इस खेल को प्रतियोगिता की तरह खेल सकते हैं। इससे आपका वर्क प्लेस भी डेकोरेट होगा और सजावट मजेदार तरीके से हो सकेगी। हर टीम को अपनी डेस्क या केबिन को क्रिसमस थीम पर सजाने के लिए कुछ समय दिया जाए। सबसे क्रिएटिव डेकोरेशन करने वाली टीम को प्राइज दें।

### सीक्रेट सांता गेम

सभी सहकर्मियों के नाम एक बाउल में डालें और हर व्यक्ति को एक नाम निकालने दें। उस व्यक्ति के लिए गिफ्ट लाना होगा और गिफ्ट देते समय गुप्त रूप से बताना होगा कि वे सीक्रेट सैंटा हैं। हर कोई अंदाजा लगाएं कि उनका सीक्रेट सांता कौन था।

### क्रिसमस क्विज़

क्रिसमस पर आधारित सवाल तैयार करें। जैसे क्रिसमस के इतिहास, फिल्मों, गानों या परंपराओं पर सवाल। इसे टीम या व्यक्तिगत स्तर पर खेला जा सकता है। सही उत्तर देने वालों को छोटे-छोटे गिफ्ट्स दें। इस खेल में हर व्यक्ति को एक गुब्बारा दें और उसे जल्दी से फोड़ने के लिए कहें।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## शाहरुख ने क्यों छोड़ दी डिकैप्रियो की फिल्म 'एक्सट्रीम सिटी'?

मशहूर निर्देशक पॉल श्रेडर ने हाल ही में अपनी बंद हो चुकी फिल्म 'एक्सट्रीम सिटी' के बारे में खुलकर बात की। इस फिल्म में बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान



को लियोनार्डो डिकैप्रियो के साथ कास्ट किया गया था। यह प्रोजेक्ट 2011 के बर्लिन फिल्म महोत्सव के दौरान शुरू हुआ था, जिसमें मार्टिन स्कॉर्सेसी को कार्यकारी निर्माता के रूप में जोड़ा गया था। हालांकि, फिल्म आखिरकार रुक गई और इसके पीछे शाहरुख खान की घटती रुचि और लियोनार्डो डिकैप्रियो के मुकाबले द्वितीयक भूमिका निभाने से हिचकिचाना प्रमुख कारण बने। पॉल ने एक पॉडकास्ट साक्षात्कार के दौरान साझा किया कि इस फिल्म के लिए शुरुआत में काफी उत्साह था और तीनों ने बर्लिन में मिलकर इसकी संभावनाओं पर चर्चा भी की थी, लेकिन समय के साथ शाहरुख का ध्यान इस प्रोजेक्ट से हटने लगा, जिसके बाद यह फिल्म बंद हो गई। उनके मुताबिक अगर शाहरुख इस फिल्म में भाग लेते तो उन्हें लियोनार्डो डिकैप्रियो के मुकाबले एक 'द्वितीयक' यानी सेकंड लीड भूमिका निभानी पड़ती, जो शाहरुख के लिए बिल्कुल नई बात थी। पॉल श्रेडर ने कहा, ₹शाहरुख बॉस हैं। वह खुद निदेशक नियुक्त करते हैं और कभी-कभी एक ही फिल्म के लिए कई निदेशकों को रखते हैं। वह संगीत, एक्शन, और व्यक्तिगत दृश्यों के लिए अलग-अलग निदेशकों को चुन सकते हैं।

### टॉलीवुड

## डेटिंग की अफवाहों के बीच साथ नजर आए विजय-तृषा, इस एक्ट्रेस की शादी पर साथ पहुंचे

हाल ही में दक्षिण भारतीय अभिनेत्री कीर्ति सुरेश की शादी गोवा में हुई। इस मौके पर थलपति विजय और अभिनेत्री तृषा कृष्णन भी साथ में कीर्ति की शादी में



पहुंचे। इसके बाद से दोनों की डेटिंग की अफवाहों को और हवा मिल गई। पिछले कुछ दिनों से दक्षिण भारतीय अभिनेत्री कीर्ति सुरेश की शादी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इस शादी में साउथ के एक्टर विजय थलपति और तृषा कृष्णन भी शामिल हुए। दोनों ही कीर्ति के दोस्त हैं। लेकिन खबर यह है कि दोनों कीर्ति की शादी में साथ में आए थे। इसके बाद से ही इनके रिलेशनशिप में होने की खबर सच होती हुई नजर आ रही है। अब तक इनके रिलेशनिशप में होने की अटकलें सुनने को मिल रही थी।

कीर्ति की शादी में जाने के लिए विजय और तृषा को एयरपोर्ट पर देखा गया, इनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। साथ ही एक फ्लाइट टिकट (कथित टिकट) भी सामने आई जिसमें विजय और तृषा, विजय के मैनेजर जगदीश के साथ ट्रैवल कर रहे हैं। विजय एक ब्लू शर्ट में दिखे, वहीं तृषा भी एक प्यारी टी शर्ट और ट्राउजर में नजर आईं। कीर्ति की शादी 12 दिसंबर को गोवा में हुई थी। इस शादी में साउथ के कई सितारे भी शामिल हुए थे।

### बॉलीवुड

## डॉ अंबेडकर पर फिल्म 'रमाई' बनी छत्तीसगढ़ में, मुंबई में हुई स्क्रीनिंग

संविधान के जनक कहे जाने वाले डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन संघर्ष में उनकी पत्नी रमाई की भूमिका पर फिल्म 'रमाई' का निर्माण इस्पात नगरी



भिलाई सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न अंचलों में किया गया है। फिल्म में डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन के अनसुने पहलुओं को दिखाया गया है। फिल्म की पहली स्क्रीनिंग मुंबई के क्यू लैब में रखी गई। इस फिल्म को देखने के बाद मौजूद लोग भावुक हो गए। फिल्म 'रमाई' के जरिए भिलाई निवासी प्रेरणा धाबर्डे और सेवाभावी चिकित्सक डॉ उदय कुमार पहली बार बड़े पर्दे पर कदम रख रहे हैं। प्रेरणा धाबर्डे ने फिल्म में रमाई की केंद्रीय भूमिका निभाई है तो वहीं, डॉ उदय कुमार ने डॉ भीमराव अंबेडकर की भूमिका निभाई है।

फिल्म में छत्रपति शाहू महाराज की भूमिका निभा रहे दिग्गज अभिनेता रजा मुराद, प्रेरणा और उदय के एक्टिंग से काफी प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि प्रेरणा और उदय ने फिल्म में एक्टिंग नहीं की है, बल्कि किरदार को जिया है। फिल्म के निर्माता कृष्णा चौहान और डायरेक्टर कबीर दा की तारीफ करते हुए रजा मुराद ने कहा- उन्होंने बहुत ही खूबसूरत फिल्म बनाई है। इस फिल्म के जरिए दर्शकों को डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन के अनसुने पहलुओं को जानने का मौका मिलेगा और यह फिल्म लोगों को प्रेरित करेगी। फिल्म में प्रेरणा धाबर्ड, डॉ उदय कुमार, रजा मुराद, ओमकार दास मानिकपुरी (नत्था),अशोक देवल, संजय बनसोडे और कैनल मुनेश्वर की मुख्य भूमिकाएं हैं। लंदन में बाबा साहेब के सहयोगी मित्र फेनी फिजरोल्ड की भूमिका प्रतिमा मिश्रा ने निभाई है। प्रेरणा फिल्म्स यूनिवर्सल के बैनर तले बनी इस फिल्म के निर्माता कृष्णा चौहान, सह-निर्माता प्रेरणा धाबर्डे हैं। इस फिल्म को कबीर दा ने डायरेक्ट किया है। फिल्म के कैमरामैन सुमित सन, आर्ट डायरेक्ट प्रवीण वासनिक, साउंड रिकॉर्डिस्ट बाबू ख़मीसा, एडिटर अलमास खान, म्यूजिक डायरेक्टर दिनेश अर्जुना और फिल्म के पीआरओ संजय भूषण पटियाला हैं। फिल्म का बैक ग्राउंड म्यूजिक राजेश बिष्ट ने तैयार किया है। फिल्म के गाने बॉलीवुड सिंगर वैशाली माडे और सुहासिनी भेलौंडे ने की आवाज में रिकॉर्ड किए गए हैं।

## दिसंबर की बहार

### लाइफ स्टाइल



फैशन उद्योग में फैशन वीक का शेड्यूल साल के कैलेंडर की तरह होता है। फरवरी-मार्च और सितंबर-अक्टूबर साल के सबसे व्यस्त और सबसे ऊर्जावान महीने होते हैं जब पूरा उद्योग दुनिया भर में यात्रा करता है। लेकिन दिसंबर महीना इन सबसे जुदा होता है। पेरिस, लंदन और न्यूयार्क के फैशन शो इस दौरान सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र होते हैं। इस बार दुनिया के इन तीनों शहरों में लगातार फैशन शो हो रहे हैं, जिनमें फैशन प्रेमी अलग-अलग देशों से पहुंच रहे हैं।

## सर्दियों में बालों के लिए वरदान है नारियल का दूध

सर्दियों में त्वचा का ध्यान रखते-रखते अक्सर लोग अपने बालों की तरफ ध्यान देना भूल जाते हैं। वैसे तो बाजार में कई ऐसे प्रोडक्ट मिलते हैं, जिनके इस्तेमाल से आप अपने बालों को ठीक कर सकते हैं, लेकिन अगर आप घर पर नारियल के दूध का इस्तेमाल बालों में करेंगे तो ये बाजार में मिलने वाले प्रोडक्ट से ज्यादा असरदार रहेगा। इसके इस्तेमाल से आपके बालों की कई परेशानियां दूर हो सकती हैं।

अगर सर्दियों के मौसम में आपके बाल काफी ज्यादा झड़ रहे हैं, तो आप नारियल के दूध का इस्तेमाल बालों में कर सकते हैं। इसके लिए आपको बस नारियल के दूध को हाथ में लेकर इसे स्कैल्प पर अच्छे से लगाना है। इससे बालों की जड़े मजबूत होती हैं, जिस वजह से झड़ते बालों की रोकथाम हो सकती है।

अगर आपके बाल काफी ज्यादा ड्राई हो रहे हैं, तो आप नारियल के दूध का इस्तेमाल आसानी से अपने घर पर कर सकते है। नारियल के दूध में कई तरह के ऐसे बायोटिक कॉम्पोनेंट्स होते हैं जो कि आपके डैमेज बालों को नमी प्रदान करते हैं और जिससे दोमुंहे बालों की समस्या नहीं होती है।

इससे बाल काफी मुलायम भी हो जाते हैं। अगर आपके बालों की ग्रोथ थम सी गई है तो आप नारियल के दूध का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल से आपकी स्कैल्प का ब्लड सर्कुलेशन तेज होगा, जिससे बालों की ग्रोथ काफी तेजी से होने लगती है। इसके लिए आपको बस एलोवेरा जेल में नारियल के दूध को मिलाना है और फिर इसे आप अपनी स्कैल्प पर लगा सकते हैं।



## सर्दियों की पार्टी में जलवा दिखाने अपनाएं स्टाइलब



फैशन

शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जिसे दिसंबर महीने में क्रिसमस का त्योहार पसंद नहीं होगा। साल के अंत का सबसे बड़ा आखिरी त्योहार क्रिसमस डे 25 दिसंबर को मनाया जाता है। इस दिन के लिए लोग कई-कई दिन पहले से ही तैयारियां शुरू कर देते हैं। क्रिसमस के दिन अवकाश रहता है, ऐसे में लोग अपने दोस्तों और परिवार के साथ समय व्यतीत करते हैं। परिवार के साथ-साथ बहुत से युवा अपनी-अपनी गर्लफ्रेंड के साथ छुट्टी के दिन घूमने भी जाते हैं। इस बार तो क्रिसमस के समय लॉंग वीकेंड पड़ रहा है, ऐसे में आप अपनी गर्लफ्रेंड के साथ घूमने जा सकते हैं।



अगर आप कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो उसके लिए पहले शॉपिंग जरूर कर लें। ज्यादातर लड़कों को ये समझ नहीं आता कि वो पार्टी में किस तरह के कपड़े पहनें। ऐसे में आज हम आपको इसके लिए कुछ लुक्स दिखाने जा रहे हैं, ताकि आप भी स्टाइलिश दिख सकें।

**शिमरी ब्लेजर:** अगर आप किसी क्लब में पार्टी में जा रहे हैं, तो ब्लैक टीशर्ट के साथ आप सिल्वर रंग का शिमरी ब्लेजर कैरी कर सकते हैं। इसके साथ ब्लैक रंग की ही जींस परफेक्ट लुक देगी।

**को-ऑर्ड सेट:** गर्लफ्रेंड के सामने कूल दिखने के लिए आप को-ऑर्ड सेट कैरी कर सकते हैं। इसके साथ आप पैरों में स्लीपर ही पहनें। वही आपको स्टाइलिश दिखने में मदद करेगा।

**परफेक्ट है ये बीच लुक:** अगर आप बीच पर घूमने जा रहे हैं तो इस तरह की शर्ट एक बेहतर विकल्प है। इसे पहनकर आपका अंदाज बेहद कूल दिखेगा। चाहें तो इसके साथ आप शॉर्ट्स पहन सकते हैं।

**फुल टीशर्ट:** अगर स्वेटर नहीं पहनना चाहते तो इस तरह की फुल कॉलर वाली टीशर्ट कैरी कर सकते हैं। इसके साथ ब्लू डेनिम काफी ज्यादा स्टाइलिश लगेगा।

**सर्दियों वाला ब्लेजर देगा क्लासी लुक:** अगर आपको सर्दी काफी ज्यादा लगती है तो आप ब्लैक टीशर्ट के साथ इस तरह का ब्लेजर कैरी कर सकते हैं। इस तरह के आपको सर्दी भी नहीं लगेगी और आपका लुक भी क्लासी लगेगा।

## मोजों के भी होते हैं कई रूप अपने लिए चुनिए बेस्ट वाला

फैशन के इस दौर में मोजों की स्टाइलिंग पर भी थोड़ा सोचना-समझना पड़ता है। आप भी मोजों को लेकर अक्सर कंफ्यूज रहते हैं तो इनसे जुड़ी थोड़ी जानकारी जुटा लीजिए। जान लीजिए कि मोजे भी बस कुछ नहीं बल्कि कई तरह के आते हैं। मोजों के इन टाइप को जानकार आप अपने लिए सही और आरामदायक मोजों का चुनाव कर पाएंगे।



### कंप्रेशन सॉक्स

ये मोजे हेल्थ के नजरिए से बेस्ट हैं। इन मोजों में कंप्रेशन थेरेपी का इस्तेमाल होता है। इसमें एंकल और पैरों पर हल्का दबाव पड़ता रहता है। इनसे ब्लड फ्लो भी मेनटेन होता है। पैरों में दर्द आदि से भी छुटकारा मिलता है। इन मोजों को किसी भी दूसरे मोजे की तरह ही आप पहन सकते हैं। लेकिन ध्यान रहे कि इसे ऊपर से फोल्ड बिल्कुल ना करें। इससे पैर टाइट हो जाएगा, जिससे पैरों में दर्द भी हो सकता है। अगर आपके पैरों में दिक्कत ज्यादा है तो इन मोजों को पहनने से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर ले लें।

### एंकल सॉक्स

एंकल सॉक्स उनके लिए बेहतरीन हैं, जो मोजे पहनना तो चाहते हैं लेकिन इसको दिखाना बिल्कुल नहीं चाहते हैं। ये मोजे उन लोगों के लिए भी अच्छे हैं जो मोजे पहनना तो मैचिंग चाहते हैं लेकिन मैचिंग मोजे समय पर उन्हें कभी नहीं मिलते हैं। मतलब आपको रंगों के कॉर्डिनेशन की चिंता बिल्कुल नहीं करनी है। ये मोजे अक्सर तरह-तरह के प्रिंट में बाजार में मिल जाते हैं। कोशिश करें इन मोजों को जींस के साथ ही पहनें। फॉर्मल मीटिंग के लिए ये मोजे बेस्ट रहते हैं। दरअसल ये मोजे पिंडली (calf) के पास तक जाते हैं। जिससे सूट की क्रीज मेनटेन रहती है।

## लंबे चेहरे पर अच्छे लगेंगे ये झुमकी डिजाइंस, दिखेंगी सबसे अलग

अगर आपका फेस लंबा है तो इसके लिए आप यहां बताई गई झुमकी डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इससे आपका पूरा लुक परफेक्ट लगेगा। अगर आप कुछ सिंपल स्टाइल करना चाहती हैं तो इसके लिए स्टोन वर्क वाले झुमके को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको ऊपर की तरफ स्टोन मिलेगा और नीचे जो डोम बना हुआ है वहां पर स्टोन वर्क मिलेगा। साथ में बीड्स भी लगे हुए हैं जो इस झुमकी को और खूबसूरत बना रहे हैं। लंबे फेस कट वाली महिलाएं इस तरह की झुमकी को वियर कर सकती हैं।

ये सूट और साड़ी के साथ काफी अच्छी लगेगी। इस तरह की झुमकी डिजाइन आपको मार्केट में 250 से 500 रुपये में मिल जाएंगे। आजकल मार्केट में आपको अलग-अलग डिजाइन वाली झुमकी मिल जाएगी। जिन्हें वियर करके आप लुक को परफेक्ट (ऑफिस वियर इयररिंग्स) बना सकती हैं। इस बार मोर डिजाइन वाली झुमकियों को वियर करें ये नया और ट्रेंडी डिजाइन है जो हर एक एथनिक वियर पर काफी अच्छा लगता है। इसकी खास बात ये है कि इसमें आपको



ऊपर की तरफ मोर पंख का डिजाइन मिलेगा।


इससे ये झुमकी और ज्यादा खूबसूरत लग रही है। ऐसे ही डिजाइन वाले इयररिंग्स को आप खरीदकर वियर कर सकती हैं और लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। अगर आप शादी या फिर किसी खास दिन के लिए इयररिंग्स सर्च कर रही हैं तो ये झुमकी आपके लिए बेस्ट हैं।

### कार्नर न्यूज

### मेंस फैशन में अपनी पर्सनालिटी को उभारने इन्हें जरूर पहनें

## स्टाइलिश दिखना है तो इस मौसम में अपनाएं ट्रेंच कोट और लॉन्ग कोट, मिलेगी भरपूर तारीफ

*ट्रेंच कोट / लॉन्ग कोट पहने देख पुरुषों की पर्सनैलिटी में आकर्षण नजर आता है। उनको देखकर उनकी तरह ही ट्रेंच कोट पहनने को जी करता है।मगर कई लोग अपने कद और स्टाइलिंग टिप्स की जानकारी के अभाव में कोट को पहनने से कतराते हैं। इस तरह से वे खुद को स्टाइलिश दिखाने का एक शानदार मौका गंवा देते हैं। मगर अब ऐसा नहीं होने वाला है क्योंकि यहां पर ट्रेंच कोट / लॉन्ग कोट को पहनने का तरीका बताया गया है। इन टिप्स की मदद से ट्रेंच कोट को आसानी से कैरी कर सकते हैं। इतना ही नहीं, यदि आप उस तरह से कोट को पहनते हैं तो यकीनन लुक में गजब का निखार आएगा।*



### ट्रेंच कोट / लॉन्ग कोट का फैशन कब से शुरू हुआ?

ट्रेंच कोट / लॉन्ग कोट का फैशन ट्रेंड कई दशकों से चला आ रहा है। क्योंकि पुरानी फिल्मों को देखकर भी इस बात का पता चलता है। जिसमें कि ब्रिटिश सिपाही ट्रेंच कोट / लॉन्ग कोट पहने दिखते हैं।

फैशन वेबसाइट के अनुसार, ट्रेंच कोट पहनने का प्रचलन 20 वीं सदी से शुरू हुआ था। उस वक्त भीषण बरसात और कड़ाके की ठंड या बर्फीली रातों में सैनिक इस तरह की ड्रेस पहनते थे। बॉलीवुड फिल्मों में भी पुराने समय से ही लॉन्ग कोट को पहनते देखा गया है। आज के दौर के यंग ब्लड एक्टर्स भी इस तरह के लुक में नजर आ रहे हैं।

### ट्रेंच कोट का कलर कैसा होना चाहिए?

वैसे ट्रेंच कोट कई कलर के आते हैं जो कि बाजार में मिल जाएंगे। मगर लड़कों के लिए कुछ रंग के ट्रेंच कोट को परफेक्ट माना गया है जो कि किसी भी स्किन टोन वाले पुरुषों पर फिट दिखेगा। यहां पर उदाहरण के तौर पर कुछ ट्रेंच कोट के कलर बताए गए हैं

### ट्रेंच कोट स्टाइल

ब्लेजर या कोट के स्टाइल की तरह ट्रेंच कोट भी कई स्टाइल में मिलते हैं। यहां पर प्रचलन में आने वाले ट्रेंच कोट के बारे में जान सकते हैं-

### सिंगल ब्रेस्टेड कोट

यदि कोई पुरुष पतला है और उसकी लंबाई भी 5 फुट तक है। ऐसे में सिंगल ब्रेस्टेड कोट पहनना चाहिए। ये उनके लिए परफेक्ट माना जाता है।

### डबल ब्रेस्टेड ट्रेंच कोट

डबल ब्रेस्टेड ट्रेंच कोट हैवी मैन के लिए सही माना जाता है। यदि आप लंबे और हेल्दी हैं तो ऐसे में डबल ब्रेस्टेड ट्रेंच कोट पहनें। ये आपकी पर्सनैलिटी को निखारने का काम कर सकता है।

### बेल्टेड ट्रेंच कोट

इस तरह के ट्रेंच को मिलिट्री ऑफिसर या सुरक्षा अधिकारी पहने दिखते हैं। इसलिए ऐसी पर्सनैलिटी वाले लोगों को ही बेल्ट वाले ट्रेंच कोट पहनने चाहिए।

